चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 110, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज    शुक्रवार 19 मई 2023    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, 20 मई को शपथ ग्रहण समारोह होगा

## कर्नाटक: सिद्धारमैया को मिली कमान

**नई दिल्ली। सिद्धारमैया को कांग्रेस ने** कर्नाटक की कमान सौंप दी है। जबकि डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। इस बाबत कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। वेणुगोपाल ने कहा कि हमारे दोनों नेताओं सिद्धारमैया और शिवकुमार में प्रदेश को चलाने की क्षमता हैं। दोनों ने कर्नाटक चुनाव में बहुत मेहनत की है। ऐसे में पार्टी ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री और डीके शिवकुमार कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री होंगे।

इस संदर्भ में वेणुगोपाल ने आगे कहा कि डीके शिवकुमार संसदीय चुनाव के अंत तक कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि 20 मई को शपथ ग्रहण समारोह होगा, जिसमें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों का एक समूह भी शपथ लेगा।

**कर्नाटक की प्रगतिके लिए टीम कांग्रेस प्रतिबद्ध :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद को लेकर अंतिम फैसले के बाद डीके. शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ मुलाकात की तस्वीर साझा की है। सिद्धारमैया कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने ट्वीट में कहा कि हम 6.5 करोड़ कर्नाटक के लोगों से वादा की गई 5 गारंटी को लागू करेंगे। टीम कांग्रेस कर्नाटक के लोगों की प्रगति, कल्याण और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। खड़गे ने गुरुवार को ट्वीटर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के दोनों उम्मीदवारों डीके. शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ एक फोटो साझा किया है। इस फोटो में सिद्धारमैया और डीके. शिवकुमार पार्टी अध्यक्ष खड़गे के साथ खड़े हैं और मुस्कुरा रहे हैं। खड़गे ने ट्वीटर पर लिखा कि टीम कांग्रेस कर्नाटक के लोगों की प्रगति, कल्याण और सामाजिक न्याय के लिए काम करेगी। हम कर्नाटक की जनता से किया वादा पूरा करेंगे। कांग्रेस ने कर्नाटक की जनता से जो पांच वादे किये थे, उसे पूरा करेगी। उल्लेखनीय है कि शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर जो विवाद चल रहा था, उसे कांग्रेस आलाकमान ने सुलझा लिया है। अब सिद्धारमैया कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री होंगे।



### कर्नाटक की राजनीति का महारथी सिद्धारमैया

**नई दिल्ली। राजनीति** अनहोनी का दूसरा नाम है। सिद्धारमैया का अनुभव उनके काम आया। हमेशा नाप-तोल के साथ चलने वाले सिद्धारमैया दूसरी बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री की शपथ लेने जा रहे हैं। छोटे कदमों से राजनीति शुरू करने वाले सिद्धारमैया पहली बार 1983 में भारतीय लोक दल पार्टी से चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे थे। सिद्धारमैया ने धीरे-धीरे कांग्रेस पार्टी में जगह बनाई। वह ऐसी जगह थी कि पार्टी आलाकमान को फिर उनसा कोई दूसरा नजर नहीं आया। हालांकि एक समय वे जनता दल के पार्टी अध्यक्ष (1999 से लेकर 2004 तक) थे और कांग्रेस के कट्टर विरोधी। अब राजनीति कहां सिद्धांत का अधिक खयाल रखती है। जब एचडी देवगौड़ा के बिगाड़ हुआ और दूरी बढ़ी तो वे जनता दल सेकुलर छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। इस बात को महज 15 साल हुए हैं। उसके ठीक पांच साल बाद यानी 2013 में सिद्धारमैया को कांग्रेस पार्टी ने सूबे का कामन सौंप दिया। करीब तीन दशक से भी अधिक समय बाद सूबे की जनता को ऐसा मुख्यमंत्री मिला जो अगले पांच वर्षों तक लगातार कुर्सी पर टिका रहा।

### सिद्धारमैया को बागी तेवर वाला राजनेता माना जाता है

**सिद्धारमैया** को बागी तेवर वाला राजनेता माना जाता है। जहां रहे, उनके बागी तेवर उठते रहे। कर्नाटक की जनता को उनका यह अंदाज शायद पसंद है। यह संयोग ही है कि उन्हें कभी भारी विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। शासन में रहते हुए उनके कुछ फैसलों का जरूर विरोध हुआ, लेकिन उनकी लोकप्रियता में कोई खास कमी नहीं आई। 2023 के विधानसभा चुनाव में कर्नाटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार उनके प्रतिद्वंदी बनकर उभरे, लेकिन आलाकमान ने सिद्धारमैया के नाम पर मुहर लगाई और डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री तक सीमित रखा। चुनावी राजनीति के साथ-साथ शासन को संभालने में सिद्धारमैया माहिर हैं। 1985 में वे जनता पार्टी की रामकृष्ण हेगड़े सरकार में मंत्री थे। तब उन्होंने अपनी कार्यशैली से लोगों को प्रभावित किया था। वे अबतक 12 चुनाव लड़ चुके हैं और नौ में जीत दर्ज की है। सिद्धारमैया का जन्म 10 अगस्त, 1948 को मैसूर जिले के सिद्दरामनहुंडी गांव में हुआ था। वे किसान परिवार से आते हैं। मैसूर विश्वविद्यालय से बी-एससी की डिग्री हासिल की है। माता-पिता चाहते थे कि सिद्धारमैया डॉक्टर बनें, लेकिन उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी से ही एलएलबी की पढ़ाई कर वकील बनना पसंद किया। वर्ष 1978 में राजनीति में कदम रखा। वह सफर आज भी जारी है।

## रिजिजू से वापस लिया कानून मंत्रालय

**नई दिल्ली:** कानून मंत्री बनने पर किरेन रिजिजू ने अर्जुनराम मेघवाल को बधाई दी। किरेन को जुलाई 2021 में कानून मंत्रालय सौंपा गया था। यह फोटो किरेन ने ट्वीट की है। सरकार ने कानून मंत्री किरेन रिजिजू का विभाग बदल दिया है। रिजिजू को अब अर्थ साइंस मंत्रालय दिया गया है। रिजिजू की जगह अब अर्जुन राम मेघवाल लॉ मिनिस्टर होंगे। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि मेघवाल को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। मेघवाल के पास संसदीय मामलों के राज्य मंत्री का जिम्मा भी है। रिजिजू के अलावा कानून राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल का भी मंत्रालय बदला गया है। उन्हें अब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री बनाया गया है। रिजिजू को रविशंकर प्रसाद की जगह जुलाई 2021 में कानून मंत्री नियुक्त किया गया था। 2019 में उन्हें खेल मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया था। रिजिजू जजों पर टिप्पणियों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं।



### धरना दे रही बेटियों की बात नहीं सुन रही है सरकार : सुरजेवाला

**नई दिल्ली। कांग्रेस के व**रिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हक की लड़ाई के लिए जंतर मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों की करुण पुकार सुनने के लिये मोदी सरकार तैयार नहीं है। इससे पता चलता है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता में बेटियां और खिलाड़ी नहीं हैं। सुरजेवाल ने गुरुवार को ट्वीट कर सवालिया लहजे में कहा कि मोदी सरकार को देश की बेटियों की चीत्कार और न्याय की गुहार क्यों नहीं सुनाई देती ? पिछले 26 दिनों से अपने साथ हुई ज्यादतियों के लिए न्याय मांगने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रही हैं।

## संग्रहालय भविष्य के प्रति कर्तव्य की भावना जगाता है : मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 का उद्घाटन करते हुए कहा कि संग्रहालय अतीत से प्रेरणा देता है और भविष्य के प्रति कर्तव्य की भावना जगाता है। आजादी के इस अमृत काल में उन्होंने 'पंच प्रण' या पांच संकल्पों को याद करते हुए 'अपनी विरासत पर गर्व करने' पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में विकसित किए जाने वाले राष्ट्रीय संग्रहालय के वर्चुअल ब्लूप्रिंट को भी जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने सिंधु सरस्वती सभ्यता की कांस्य नृत्यांगना से प्रेरित चन्नापटना शैली में पांच ऊंची खिलौने वाले आधिकारिक शुभंकर (मस्कट) का भी अनावरण किया। 47वें अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संग्रहालय अतीत से प्रेरणा देता है और भविष्य के प्रति कर्तव्य की भावना भी जगाता है। उन्होंने कहा कि आज की थीम 'सस्टेनेबिलिटी एंड वेलबींग' दुनिया की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालती है और इस आयोजन को अधिक प्रासंगिक बनाती है। आजादी के अमृत काल में 'पंच प्रण' या पांच संकल्पों को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने 'अपनी विरासत पर गर्व करने' पर जोर दिया।

उन्होंने रेखांकित किया कि देश का एक नया सांस्कृतिक ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार हर राज्य और समाज के वर्ग की विरासत के साथ-साथ स्थानीय और ग्रामीण संग्रहालयों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चला रही है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के योगदान को अमर बनाने के लिए दस विशेष संग्रहालयों का विकास किया जा रहा है, जो जनजातीय विविधता की एक झलक प्रदान करने के लिए दुनिया की सबसे अनूठी पहल में से एक होगी।

## स्वदेशी तकनीक का निर्माण कर देश-दुनिया में आगे बढ़ रहा भारत: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पहले के मुकाबले आज न्यू इंडिया तकनीक का निर्माण स्वदेशी रूप से कर रहा है और उसे देश के कोने-कोने में पहुंचा रहा है। वंदे भारत ट्रेन भी भारत ने अपने बलबूते पर बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा में 8,200 करोड़ रुपये की कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। परियोजनाओं में पुरी और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाना, पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखना, ओडिशा में रेल नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण, संबलपुर-टिटलागढ़ रेल लाइन का दोहरीकरण, अंगुल-सुकिंदा के बीच नई ब्रॉड गेज रेल लाइन, मनोहरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा-जमगा को जोड़ने वाली तीसरी लाइन और बिछुपाली-झरतरभा के बीच नई ब्रॉड-गेज लाइन शामिल है। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में भारत ने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने विकास की गति को बनाए रखा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण है कि इस विकास में हर राज्य की भागीदारी है और देश हर राज्य को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कोरोना जैसी महामारी की स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर दुनिया को चौंका दिया था। उन्होंने कहा कि इन सब प्रयासों में समान बात यह है कि सारी सुविधाएं किसी एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सबके पास तेजी से पहुंचीं। हमारी 'वंदे भारत ट्रेनें' भी अब उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक देश के हर किनारे को स्पर्श करती हैं।

## मुंबई आतंकी हमला: तहव्वुर लाया जाएगा भारत

**वाशिंगटन।** मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमलों के एक आरोपित तहव्वुर राणा को अमेरिका से जल्द ही भारत लाया जाएगा। एक अमेरिकी अदालत ने पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में 26 नवंबर 2008 को ताबड़तोड़ आतंकी हमले किये गए थे। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने गोलीबारी व बम धमाके किये थे, जिनमें छह अमेरिकी नागरिकों सहित 166 लोग मारे गए थे। इन हमलों में तीन सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। हमलों के लिए पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा को भी जिम्मेदार माना गया था। तहव्वुर अमेरिका में था, जहां 10 जून 2020 को भारत ने शिकायत दर्ज कराते हुए उसकी गिरफ्तारी और भारत प्रत्यर्पण की मांग की थी। भारतीय अधिकारियों ने तहव्वुर राणा के मुंबई आतंकी हमले में शामिल होने की बात कही थी। इन आरोपों के आधार पर मांग की गई कि तहव्वुर राणा को भारत भेजा जाए। राणा के भारत प्रत्यर्पण के अनुरोध को जो बाइडन प्रशासन से समर्थन और मंजूरी मिली थी। कैलिफोर्निया की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैकलिन चूलजियान ने राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी देते हुए 48 पन्नों का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि अदालत ने प्रत्यर्पण अनुरोध के समर्थन और विरोध से जुड़े सभी दस्तावेजों की समीक्षा की है और उन पर विचार किया है। इस तरह की समीक्षा और विचार के आधार पर और अदालत में चर्चा किए गए कारणों के निष्कर्ष पर राणा की प्रत्यर्पण योग्यता को प्रमाणित किया जाता है।



## द्वारका एक्सप्रेस-वे अप्रैल 2024 तक होगा पूरा : गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि 9,000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा 29.6 किलोमीटर लंबा देश का पहला एलिवेटेड 8-लेन एक्सेस कंट्रोल द्वारका एक्सप्रेस-वे अप्रैल 2024 में लगभग पूरा हो जाएगा। गडकरी ने गुरुवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके. सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, सांसद प्रवेश सिंह वर्मा और सांसद रमेश बिधूड़ी के साथ एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गडकरी ने कहा कि हरियाणा में 18.9 किमी सिंगल पिलर और दिल्ली में 10.1 किमी लंबे सिंगल पिलर पर 34 मीटर चौड़ा एक्सप्रेस-वे बनाया जा रहा है। इस एक्सप्रेस-वे का सड़क नेटवर्क चार स्तरों का है। टनल, अंडरपास, ग्रेड रोड, एलिवेटेड रोड और फ्लाईओवर पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर थ्री-लेन सर्विस रोड का निर्माण किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली में इस एक्सप्रेस-वे पर देश की सबसे चौड़ी 3.6 किलोमीटर लंबी 8 लेन की सुरंग बनाई जा रही है।

## जाति आधारित जनगणना: बिहार सरका को झटका

### पटना हाई कोर्ट के अंतरिम रोक के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जाति आधारित सर्वे पर पटना हाई कोर्ट के अंतरिम रोक के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि पटना हाई कोर्ट 3 जुलाई को सुनवाई करने वाली है, इसलिए अभी इस याचिका पर सुनवाई का कोई मतलब नहीं है। कोर्ट ने बिहार सरकार से कहा कि अगर हाई कोर्ट सुनवाई नहीं करती है तो सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। 17 मई को जस्टिस संजय करोल ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि वह इस रोक को हटाए या हाई कोर्ट को जल्द सुनवाई का निर्देश दे। पटना हाई कोर्ट ने 4 मई को सर्वे को प्रथम दृष्टया असंवैधानिक मानते हुए अंतरिम रोक लगाई है और 3 जुलाई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। उसके बाद बिहार सरकार ने 9 मई को हाई कोर्ट से इस मामले पर जल्द सुनवाई की मांग की, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि इस केस की जल्द सुनवाई की कोई जरूरत नहीं है, अगली सुनवाई पहले से तय तारीख 3 जुलाई को ही होगी।

तब तक जाति आधारित सर्वे नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट बिहार में जाति आधारित सर्वे को चुनौती देने वाली याचिकाएं पहले खारिज कर चुका है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा था कि अगर जाति आधारित जनगणना पर रोक लगाई गई तो सरकार यह कैसे निर्धारित करेगी कि आरक्षण कैसे प्रदान किया जाए ।

## 5000 साल के इतिहास को बयां करेगा भारत राष्ट्रीय संग्रहालय

**नई दिल्ली।** नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में 'युग युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय' की योजनाओं का अनावरण गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया । 18 मई को इंटरनेशनल म्यूजियम एक्सपो में वर्चुअल वॉकथ्रू के जरिए इस संग्रहालय का ब्लूप्रिंट जारी किया गया। यह संग्रहालय देश के 5 हजार साल के इतिहास से विश्व को रुबरू कराएगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अनुसार नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में नया संग्रहालय 5,000 से अधिक वर्षों की भारत की समृद्ध संस्कृति की कहानी को चित्रित करेगा, जो विभिन्न वर्गों या 'खंडों' में प्रदर्शित होगा। 1.17 लाख वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैले दो मंजिला संग्रहालय में 950 कमरे, एक तहखाने, और खाली जमीन होंगे। इस संग्रहालय में कई खंड होंगे जिसमें प्राचीन भारत खंड, भारतीय ज्ञान परंपरा, मध्य युगीन भारत, स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्र भारत का नव-निर्माण शामिल होंगे। विश्व के सबसे विशाल संग्रहालय में बनाए गए प्रचीन भारत खंड में हड़प्पा -मोहनजोदड़ो के सुनियोजित नगर व्यवस्था के सफर को दशार्या जाएगा वहीं, भारतीय ज्ञान परंपरा के इतिहास में तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला विश्वविद्यालय के साथ वेदों, उपनिषदों की कहानी को भी प्रदर्शित किया जाएगा।




संग्रहालय में चालुक्य, कश्मीर राजाओं के गौरव गाथा को भी संकलित किया गया है। मध्य-युगीन भारत में राजपूतों, मराठों की शौर्यगाथा, उनके संरक्षण में कला संस्कृति के विकास का संकलन भी होगा। संग्रहालय में मुगलों के इतिहास का वर्णन है। इस्ट इंडिया कंपनी से लेकर औपनिवेशिक शासन के विस्तार की कहानियों का भी संकलन किया गया है। सन 1857 की आजादी की कहानी का भी संकलन किया गया है। स्वतंत्र भारत का नव-निर्माण की कहानियां भी शामिल की गई है। उल्लेखनीय है कि नॉर्थ और साउथ ब्लॉक 1930 के दशक के दौरान निर्मित केंद्रीय सचिवालय परिसर की इमारतें हैं।

## बंगाल में 'द केरल स्टोरी' पर लगी रोक हटाई

### तमिलनाडु में सिनेमाघरों को सुरक्षा देने का निर्देश

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से 'द केरल स्टोरी' पर लगी रोक हटा दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि फिल्म दिखाने वाले सिनेमा हॉल को सुरक्षा प्रदान की जाए। सिनेमाघर मालिकों पर कोई दबाव न बनाया जाए। कोर्ट ने कहा कि निमार्ता भी डिस्क्लेमर लगाएं कि 32 हजार लड़कियों के गायब होने का आंकड़ा पुख्ता नहीं है। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा था कि इस फिल्म में हेट स्पीच के अलावा तथ्यों के साथ हेरफेर किया गया है। इसकी वजह से राज्य में सांप्रदायिक वैमनस्य और कानून व्यवस्था का मुद्दा खड़ा हो सकता है। इसकी जानकारी राज्य के खुफिया तंत्र ने दी है। फिल्म पर प्रतिबंध खुफिया सूचनाओं के आधार पर लिया गया एक नीतिगत फैसला है।



## खबर संक्षेप

### शासन को झूठी सूचना देने के आरोप में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शासन व प्रशासन को गलत सूचनाएं देखकर बार बार गुमराह करने से आजिज आ कर लेखपाल ने एक के विरूद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसवां निवासी एक व्यक्ति अपने विपक्षियों को महज परेशान करने के बार बार मुख्यमंत्री एंव आला अधिकारियों को यह सूचना दे रहा था कि तालाब पर हुए आतिक्रमण को हटाया जाए। जबकि तालाब की राजस्व विभाग की टीमें ने कई बार गांव जा कर पैमाइश की परन्तु तालाब पर कोई आतिक्रमण नहीं हुआ था। फिर शिकायतीपत्र देने पर राजस्व विभाग की टीम ने स्थलीय मुआयना किया तो आबादी की जमीन पर गरीब लोग बसे हुए हैं। तथा अमृत लाल पटेल एंव उनके परिजनों तथा पडोसियों को तंग कर डाला है। स्थानीय लेखपाल नमित यादव ने गलत सूचनाएं देकर बार बार गुमराह करने एंव सरकारी कार्य में बाधा डालने अनायास सरकारी धन खर्च होने पर सिसवां गांव के सर्वेश पटेल पुत्र इन्दराज उर्फ दरोगा के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# परिवारिक कलह से आजिज युवक ने नीम के पेड़ में फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**मऊआइमा के चौहान का पूरा का निवासी है युवक, पत्नी को ससुराल छोडकर घर न आकर तिलक के पूरा गांव में की आत्महत्या**

अखंड भारत संदेश





**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के चौहान का पूरा गांव निवासी एक युवक पारिवारिक कलह से आजिज आकर अपनी पत्नी को उसके मयके पहुंचा कर आया तथा बाइक एक परिचित को देकर कहा कि घर पहुंचा देना। फिर एक नीम के पेड में उसकी झूलती हुई लाश देखी गई। सूचना पर स्वजन पहुंच कर रोने बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतरवाकर चारपाई पर रखवा दिया। परिजनों ने यह लिखित दिया कि वह कोई कार्यवाही नहीं चाहते न ही पोस्टमार्टम कराना चाहते हैं। पुलिस ने पंचायतनामा लिखित लेकर शव परिजनों को सौंप दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के चौहान का पूरा निवासी रोहित कुमार कुमार सिंह 24 वर्ष पुत्र केसरी प्रसाद सिंह की शादी जौनपुर के धिरौची ऊंचडीह निवासी लहुरी सिंह की पुत्री सीमा देवी के साथ 5 जून 2022 को हुई थी।बताते हैं कि रोहित कुमार सिंह गुजरात में मकान निर्माण में सरिया बांधने का काम करता था। छह दिन पूर्व घर चौहान का पूरा आया था। वह पांच बहनों दो भाईयों में छोटी बहन अविवाहित परमीला से बडा था। बडा भाई मनोज कुमार अपने परिवार के साथ अलग रहता है। रोहित कुमार अपनी पत्नी सीमा देवी , माता फूला देवी और विकलांग पिता केसरी प्रसाद सिंह ,अविवाहित बहन परमीला के साथ रहता था। बताया गया है कि बुधवार को शाम के समय रोहित कुमार अपनी पत्नी सीमा देवी को उसके मयके बाइक से छोड कर गुरुवार को सुबह आया तथा घर न आकर बाइक एक परिचित को दिया कि इसे घर पहुंचा देना। बताया गया है कि बाइक तो घर आ गई परन्तु रोहित घर नहीं आया। गुरुवार को लगभग ग्यारह बजे ग्रामीणों ने तिलक का पूरा में गांव में रोहित कुमार की एक नीम की डाल में रस्सी से झूलती हुई लाश देख कर ग्रामीणों का मजमा लग गया तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर इंस्पेक्टर सुरेश सिंह, सब इंस्पेक्टर संजय मौर्या हमराही पुलिसकर्मियों ने पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से शव उरवा कर चारपाई पर रखवा दिए। मऊआइमा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि परिजनों ने यह लिखित दिया है कि वह कोई कोई कानूनी कार्यवाही नहीं चाहते हैं न ही पोस्टमार्टम कराना चाहते हैं। पुलिस ने लिखित पंचयतनामा लेकर शव स्वजनों को सौंप दिया। देर शाम स्वजनों द्वारा रोहित कुमार सिंह का अंतिम संसकार कर दिया गया।

## न्यूज झरोखा

### अपहरण और बलात्कार में वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार तथा जहरीला शराब बनाने व बेचने का फरार अभियुक्त चढ़ा हत्थे





**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने बलात्कार और अपहरण के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के बिहरिया मोड़ के पास से की गई है। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने अपनी टीम के साथ बिहरिया मोड़ के पास से शैलेंद्र कुमार पुत्र संगमलाल (निवासी बिहरिया) को गिरफ्तार किया है।आरोपी शैलेंद्र धारा 363, 376 आईपीसी व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहा था। अभियुक्त का चालान भेज दिया गया है। दूसरी तरफ शंकरगढ़ पुलिस ने ही एक अभियुक्त को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। सब इंस्पेक्टर प्रवेश कुमार यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के शिवराजपुर-प्रयागराज मार्ग से संदीप आदिवासी पुत्र संतोष आवासी (निवासी जनवा कालोनी, आमगोंदर) को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त मिलावटी शराब बनाने और बेचने का धंधा करता था। प्रवेश ने बताया कि 19 अक्टूबर, 2022 में मुकामी पुलिस ने जनवा की चमरौटी कालोनी में अवैध शराब बनाते हुए अनूप पुत्र नन्हू को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 30 लीटर कच्ची शराब, एक किलोग्राम यूरिया, 500 ग्राम नौसादर व शराब बनाने का उपकरण बरामद हुआ था। इस मामले में संदीप आदिवासी मौके से फरार हो गया था। उसकी तलाश जारी थी।

### सरायइनायत पुलिस ने दो वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सहसों।** न्यायालय द्वारा विभिन्न अपराधिक मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को थाना सराय इनायत की पुलिस ने गुरुवार को दबिश देकर गिरफ्तार किया। जिसमें कलीम पुत्र आलेहसन 58 वर्षीय निवासी चन्दौहां थाना सराय इनायत एवं मट्टर भारतीया उर्फ जगन्नाथ पुत्र शिवपूजन 22 वर्षीय निवासी ननका का पूरा थाना सराय इनायत को गिरफ्तार कर थाने में दोनों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक दयाराम थाना सराय इनायत, उप निरीक्षक मनीष कुमार राय, हेड कांस्टेबल शमीम अहमद, कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह चौधरी व कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार थाना सराय इनायत कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल रहे।

### शिक्षक संघ जूनियर के कार्यवाहक अध्यक्ष बने संतोष जायसवाल



**सहसों।** जूनियर हाईस्कूल व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के फूलपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहायक अध्यापक संविलियन विद्यालय कनौजा खुर्द के संतोष जायसवाल कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किए गए । जूनियर शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष उमापति पांडे के सेवानिवृत्त होने पर रिक्त हुए पद पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार जायसवाल को संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पांडे के दिशा निर्देश पर कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर कार्यवाहक अध्यक्ष संतोष कुमार जायसवाल ने बताया कि चुनाव होने तक संघ के अध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वहन करते रहेंगे तथा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### वैभव शुक्ला ने बीएचयू से फिजिक्स, पीएचडी प्रवेश परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया



**धनूपुर।** पूर्व प्रधानाचार्य हृदय नारायण शुक्ल एवं पूर्व प्रधान शुकुलपुर सुरेश शुक्ला के नाती वैभव शुक्ला पुत्र नीलम शुक्ला, विनय शुक्ला ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से फिजिक्स, पीएचडी प्रवेश परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया है। वैभव की इस उपलब्धि पर सभी परिजनों रिश्तेदारों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# मनरेगा में शत प्रतिशत आधार सीडिंग न होने पर कार्रवाई की चेतावनी

**काम में लापरवाही बरतने वाले मनरेगा कर्मियों को बीडीओ ने लगाई फटकार**

अखंड भारत संदेश



मनरेगा कर्मियों संग बैठक कर मनरेगा प्रगति की समीक्षा करते खण्ड विकास अधिकारी एच पी वर्मा

**फूलपुर।** मनरेगा में अमृतसरोवर तालाब की खुदाई ससमय कराते हुए गांवों में अधिक से अधिक मानव दिवस का सृजन किया जाए। ताकि लेबर बजट के सापेक्ष शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बारिश का समय नजदीक है ऐसे में तालाबों की खुदाई का कार्य भी अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। क्योंकि बरसात शुरू होने पर कार्य करवाना कठिन होगा। उक्त बातें फूलपुर विकास खण्ड में गुरुवार को मनरेगा कर्मियों संग बैठक कर, अमृतसरोवर तालाब,मियावाकी, पेंडिंग आधार व मनरेगा प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए खण्ड विकास अधिकारी एचपी वर्मा ने कही। रोजगार सेवक व महिला मेट के साथ होने वाली समीक्षा बैठक में बीडीओ एच पी वर्मा ने मियावाकी पद्धति से होने वाले वृक्षारोपण,आवास की मजदूरी,सीआईबी बोर्ड, एक्टिव श्रमिकों का मोबाइल नंबर फीडिंग कराने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कार्यो पर बिन्दुवार समीक्षा करते हुए खराब प्रगति वाले गांवों के रोजगार सेवक व महिला मेट को कड़ी फटकार लगाई। वहीं जिन ग्राम पंचायतों की स्थिति ठीक थी वहां के कर्मचारियों की तारीफ करते हुए और भी अच्छा करने को कहा। खराब प्रगति वाले गांवों की स्थिति में सुधार न होने पर कार्यरत रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक पर कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर मनरेगा एकाउंटेंट राकेश कुमार, रोजगार सेवक विजय चन्द्र विश्वकर्मा, हरिओम प्रकाश,अजय गुप्ता,रंजीत यादव, सुरेश चंद्र,बसन्त कुमार, अनिल कुमार,मीरा मौर्य, बृजेश यादव, महेश कुमार,कोमलम सरोज, प्रवीण कुमार सिंह,मनोज रजक, रेनू, कल्पना, सहित दर्जनों की संख्या में रोजगार व महिला मेठ उपस्थित रही।

## अवैध खनन पर एसडीएम सख्त दिया दिशा निर्देश

**करछना।** तहसील क्षेत्र के कई गांवों में लगातार मिट्टी खनन किया जा रहा है, जिसको लेकर एसडीएम ने सख्त रूख अपनाते हुए तत्काल सभी थाना प्रभारियों को बुलाकर बैठक की। उन्होने कहा कि कहा कि भू माफिया अनुमति के नाम पर तीन फीट से ज्यादा खेतों की खोदाई करवा रहे है। इन सब की जानकारी के बाद एसडीएम राजेश श्रीवास्तव ने थाना प्रभारी करछना विश्वजीत सिंह और थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र संजीव चौबे के साथ बैठक करके रणनीति बनाई उन्होंने कहा कि पुलिस रात में गश्त बढ़ाए जिससे खनन करने वालों पर व्यापक कार्रवाई की जा सके। वाहनों को सीज करके जुमार्ना भी वसूला जाए। थाना प्रभारियों ने बताया कि सभी बीट सिपाही और चौकी प्रभारियों को जरूरी दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। तहसील क्षेत्र के मेडरा, लखरावा देहली,करेहा,अंतहिया वीरपुर आदि गांवो में मिट्टी का अवैध खनन रोकने के लिए लेखपालों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

## संगोष्ठी का किया गया आयोजन, लोगों की जन समस्या को दूर करने का दिलाया भरोसा




**करछना।** साधुकुटी चौराहा करछना में अखिल विद्यार्थी परिषद के तहसील सयोंजक हर्ष शुक्ला और आकाश शुक्ल के नेतृत्व में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी में करछना क्षेत्र के कई भाजपा नेता और उपस्थित लोगो से आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल ने चर्चा की और यह कैसे पूरा होगा इसका भी विवरण उन्होंने सबके सामने रखा । पिछले कई वर्षों से प्रयागराज का यमुना पार इलाका राजनीतिक और सामाजिक उपेक्षा का शिकार रहा यह कहते हुए आचार्य ने कहा कि अब क्षेत्र की समस्या को केंद्र एवं राज्य के जिम्मेदार एवं जबावदेह मंत्रियों के समक्ष रख दिया गया है। इसके अलावा कई उद्योगपतियों से भी बातचीत चल रही है ताकि इस क्षेत्र में सीमेंट एवं अन्य उद्योगों को स्थापित किया जा सके। संगोष्ठी में मौजूद लोगों ने यह जानने के बाद खुशी जाहिर की और पूरा समर्थन दिया। इस संगोष्ठी में भजन सम्राट मिश्र बंधु , अंकित,ओम, नितिन, राघवेन्द्र सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम में भाजपा के तमाम पदाधिकारी एवं क्षेत्र के अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र लोगो की समस्याओं को सरकार तक पहुंचना तथा उसका निदान जल्द हो इस विषय पर उपस्थित लोगो विस्तृत जानकारी दी गई और उसके निदान हेतु लोगो की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। साथ मे क्षेत्र के समस्यायों जैसे सड़क , पानी , नाली का निर्माण , लोगो को अन्य सरकारी कार्य योजनाओं से उन्हें अवगत भी कराया गया।



## अमिलिया गांव में विजली विभाग के लापरवाही से हो सकता है कोई बड़ा हादसा!

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के उरुवा ब्लाक के अन्तर्गत क्षेत्र के अमिलिया कलां गांव में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार शिकायत के बावजूद भी पिछले कई सालों से नीचे लटक रहे बिजली के तारो को दुरुस्त नहीं कराया गया जिसके चलते स्थानीय लोगों में दुर्घटना का भय बना हुआ। बता दें कि उक्त गांव में बिजली का तार तकरीबन तीन से चार फीट की ऊंचाई पर नीचे लटक रहा स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग को शिकायत किया गया। लेकिन हर बार उसे नजरअंदाज किया जा रहा है। दिन प्रतिदिन बिजली का तार नीचे लटकता ही जा रहा है। जो तार लटक रहा है वो एक आम चालू रास्ते पर है। जिससे खतरा और भी बढ़ गया है। अगर समय रहते एसडीओ जेई ने ध्यान नहीं दिया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। विजली विभाग के मनमाने रवैया से ग्रामवासियों में आक्रोश बना है।

## जमीनी विवाद को ले कर घर में घुस कर मार पीट,तोडफोड़ में आधा दर्जन पर केस

**मऊआइमा।** मऊआइमा के किराव गांव में जमीनी विवाद को लेकर परिवार के ही लोगो ने घर में घुस कर मारे पीटे और तोडफोड़ किए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आधा दर्जन के खिलाफ केस कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र किरांव गांव निवासनीय साबरीन बानों पत्नी पप्पू के मुताबिक जमीनी विवाद को लव कर परिवार के ही एक पक्ष ने उसके घर में घुस कर मारे पीटे तोड फोड किए। आरोप है कि गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए।साबरीन बानों का आरोप है कि जिससे उसके परिवार के अन्य लोगों को भी गहरी चोटें आयी हैं।साबरीन बानों ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर मजहर अली, इस्तियाक, इम्तियाज, जुलैखा, नजमा बानों, तहसीन बानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## अमेठी समाचार

# कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक ने डा मनीष झा से मुलाकात कर की चिकित्सा संबंधी विषयों पर चर्चा

अखंड भारत संदेश



**जगदीशपुर अमेठी।** अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज उन्हें सम्मानित दृष्टि से देखता है ने आज इंडोगल्फ जन सेवा ट्रस्ट हास्पिटल औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर पहुंचकर डा मनीष झा (एम बी बी एस एम डी कार्डियोलॉजिस्ट) से मुलाकात कर चिकित्सा संबंधी विषयों पर चर्चा की एवं संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा कराए जा रहे कार्यों से अवगत कराया और उन्हें संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि बतौर प्रबंधक श्री राधा कृष्ण प्रतिमा भेंट किया, बताते चलें कि समाजसेवी पी के तिवारी ने कोरोना काल में उत्कृष्ट योगदान दिया था जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी अमेठी सहित कई अधिकारियों एवं प्रबुद्ध जनों ने उन्हें कोरोना योद्धा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया था तभी से समाजसेवी पी के तिवारी समाज के प्रति समर्पित रहते हैं उन्होंने कहा कि वह प्रबुद्ध जनों के सहयोग, मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन से भविष्य में और भी बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

## पूर्व प्रधानाचार्य से मुलाकात कर कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक ने की सामाजिक विषयों पर चर्चा

अखंड भारत संदेश



**बाजार शुक्ल अमेठी।** अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज उन्हें सम्मानित दृष्टि से देखता है वहीं उसी क्रम में आज ठाकुरगंज पहुंचकर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के धनी पूर्व प्रधानाचार्य रहमतगढ बाजार शुक्ल वी डी शुक्ला से मुलाकात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की और मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया तथा संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि बतौर प्रबंधक श्रीमद्भागवत गीता सप्रेम भेंट किया वहीं पूर्व प्रधानाचार्य वी डी शुक्ला ने कहा कि वह संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यथासंभव सहयोग भी किया और भविष्य में भी यथासंभव सहयोग करने की बात कही।

# लाखों की कीमत से बनी पानी की टंकी हो गई शोपीस, ग्रामीणों में मचा हाहाकार

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के ब्लाक उरूवा ग्रामसभा उपरौड़ा (लोहारी) प्रयागराज में सरकारी पानी की टंकी से सप्लाई ना होने से लोगो मे मचा है हाहाकार। चिलचिलाती धूप व गर्मी ने जिस प्रकार से आम लोगो का जीना दुश्वार किया है। ऐसे ही शुद्ध पेयजल पानी की किल्लत लोगो के सामने आ गई हैं। जहाँ पर ब्लाक उरूवा ग्रामसभा उपरौड़ा (लोहारी) प्रयागराज में लाखो से लागत से बनाई गई पानी की टंकी अपनी बदहाली पर आँसू बहा रही हैं। कई महीनों से मोटर जला हुवा हैं और कई बार अधिकारियों से लिखित शिकायत किया भी गया लेकिन सिर्फ आश्वसन दिया जाता हैं। जली हुई मोटर आज तक अधिकारियों ने नही बनवाया जिससे ग्रामपंचायत में पानी के लिए हाहाकर मचा हुआ है। सरकार जहाँ पर शुद्ध पेयजल की योजना को लागू करने के लिए आम जनमानस को पानी की किल्लत की समस्या से निजाद दिलाने के लिए सरकार है यह फैसला अच्छा था। लेकिन समय के चलते अधिकारियों और ठेकेदारों की मिली भगत से बनी हुई पानी की टंकी के धन का बंदरबांट किया गया। जिसका खामियाजा आज ग्रामसभा उपरौड़ा (लोहारी) के आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। जिससे आम जनमानस में काफी आक्रोश हैं। ठंडी के मौसम में तो लोग पानी को नहीं याद करते हैं। लेकिन जैसे ही गर्मी का मौसम आता है आम जनमानस के साथ-साथ पशु-पक्षी भी पानी की तलाश में निकलते हैं ऐसे में लाखों की लागत से बनी हुई टंकी दिखाने के लिए बनी है जहां पर किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं पहुंचाया जा रहा है। जिससे साफ साबित होता है कि उस समय पानी टंकी निर्माण में बहुत बड़ा घोटाला नजर आता है। जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में शुद्ध पेयजल की किल्लत ग्रामसभा उपरौड़ा (लोहारी) में वाटर सप्लाई नहीं हो रहा है।

## थाना इन्हौना पुलिस द्वारा 700 ग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**इन्हौना।** अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के उ0नि0 रामगोपाल यादव थाना इन्हौना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त नौशाद पुत्र स्व हाशिम नि0 ग्राम दिलावलगढ मजरे आजादपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी को शराब की दुकान शिवगढ के पास से समय करीब 06.20 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ। थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## 16 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**जगदीशपुर।** अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत को उ0नि0 संजय सिंह थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जीशान पुत्र ताज मोहम्मद नि0 ग्राम खैरातपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को ग्राम खैरातपुर मोड़ नहर पुलिया के पास से समय करीब 12:30स्त्रे बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 16 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विकास खंड भेटुआ की ग्राम पंचायतों का सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश




**अमेठी।** सान्या छाबड़ा मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा जनपद के विकासखंड भेटुआ की ग्राम पंचायत थौरा एवं भीमी का औचक निरीक्षण किया गया।ग्राम पंचायत के निरीक्षण के समय ग्राम पंचायत सचिवालय खुला पाया गया जिसमें पंचायत सहायक उपस्थित थे तथा उनके द्वारा आयुष्मान योजना के तहत अंत्योदय कार्ड धारकों का गोल्डन कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया की जा रही थी तत्समय मौके पर उपस्थित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि यह कार्य अभियान के रूप में करा कर अविलंब ग्राम पंचायतों में अवशेष पात्र लाभार्थियों को योजना के तहत लाभान्वित करा कर अवगत कराएं। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत लाभार्थियों को रोजगार उपलब्ध होता रहे तथा ग्राम पंचायत में आवास प्राप्त लाभार्थियों का समय-समय पर मनरेगा योजना के तहत 90 दिवस की मजदूरी उपलब्ध कराए जाने हेतु नियमानुसार मस्टरोल जारी होता रहे इसका भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए की ग्राम पंचायत में निर्मित सामुदायिक शौचालय की देखरेख कर रहे समूह का भुगतान भी समय-समय पर होता रहे इसका भी विशेष ध्यान दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### कुलाधिपति के निर्देश पर मुविवि में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शुक्रवार 19 मई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज कार्यालय के सहयोग से विश्व विद्यालय में कार्यरत कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने बताया कि कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश के अनुपालन में विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण सरस्वती परिसर स्थित शैक्षणिक भवन के भूतल पर प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी। कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों, अधिकारियों एवं प्रभारियों से अपील की है कि वह स्वयं एवं उनके अधीनस्थ उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अपनी प्रतिभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

# एमएनएनआईटी बीटेक के दो छात्र गंगा स्नान करते समय डूबे

अखंड भारत संदेश

**पुलिस और गोताखोर शव की तलाश में जुटे**



**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास गंगा नदी में स्नान करने गए बीटेक के दो छात्र गहरे पानी में समा गए। छात्रों के डूबते देख साथ में स्नान करने गए दोस्तों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घाट पर मौजूद गोताखोरों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन दोनों का कहीं सुराग नहीं लगा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर पूछताछ कर रही है। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एमएनएन आईटी में पढ़ने वाले बीटेक के पांच छात्र स्नान करने के लिए शिवकुटी क्षेत्र के कोटेश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित गंगा घाट पर गए थे। बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे स्नान करने के दौरान ही पांचों छात्र गहराई में चले गए और डूबने लगे। तीन छात्र किसी तरह से बाहर निकल आए, जबकि दीपेंद्र सिंह और विकास मौर्य गहराई में चले गए। दोनों को डूबते देख साथ में स्नान करने गए दोस्तों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास स्नान कर रहे लोग पहुंच गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों को तलाश की, लेकिन काफी देर बाद भी दोनों का कहीं सुराग नहीं मिला है। गंगा में डूबे दीपेंद्र और विकास बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र थे। दीपेंद्र राजस्थान के अलवर का रहने वाला था, जबकि विकास मौर्य मऊ जनपद का निवासी था। दोनों हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते थे।

# अधीक्षण अभियंता ने मेजा पावर हाउस का किया निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा रोड पावर हाउस का अधीक्षण अभियंता ने निरीक्षण किया और संबंधित जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं को भी सुना और निस्तारण का आश्वासन दिया। बता दें कि गुरुवार को मेजारोड पावर हाउस (33/11) का अधीक्षण अभियंता प्रशान्त सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने विभाग के संबंधित जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण के लिए कहा। वहीं मेजारोड के वरिष्ठ समाजसेवी ईं नित्यानंद उपाध्याय ने अधीक्षण अभियंता से पांती के जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए कहा। अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह ने श्री उपाध्याय को आश्वस्त करते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलवाने एवं विद्युत व्यवस्था सुचारू से बनाए रखने के लिए एसडीओ को निर्देशित किया। इस दौरान एसडीओ विनय सिंह, जेई रविंद्र प्रताप सिंह व टीजीटू सतीश कुमार, समाजसेवी सिद्धांत तिवारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की से गूंजायमान हो उठा नीबी गांव



**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस नीबी, वारी गांव में मुख्य यजमान पंडित विद्याधर दुबे शिवकुमारी दुबे के निवास पर गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पूरा कथा परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा वाचक आचार्य रमेश चंद्र शुक्ल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। महाराज ने कहा कि जब-जब अत्याचार और अनाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथा में जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उद्घोष के साथ भाव विभोर हो गए।कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर आचार्य सूर्यकांत मुकेश तिवारी परिजनों में संगम लाल दुबे, हरिश्चंद्र दुबे, सतीश चंद्र दुबे, गार्गी पांडेय, शिवम त्रिपाठी, सत्यम त्रिपाठी सहित तमाम भक्तगण लोग मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक की हत्या करने वाला पुत्र भेजा गया जेल




**मऊआइमा।** अपने सगे पिता की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को पुलिस ने गुरूवार को जेल भेज दिया। बता दें कि सोमवार को मऊआइमा के सिंसई सिपाह निवासी सूर्यभान सिंह 78.वर्ष की उनके तीसरे नंबर के पुत्र दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिनेश ने करंट सिर में लगा कर हत्या कर भाग गया था। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ,सब इंस्पेक्टर सूर्य प्रकाश सिंह, जगदीश त्रिपाठी ,कांस्टेबल सुधीर ने बुधवार को गिरफ्तार कर उसके द्वारा आला कत्ल के रूप में आयरन होल्डर विद्युत शाक दे दे कर सिर में हत्या की बात बताते हुए बरामद करा लिया। हत्या के पीछे पेंनल की रकम न देने और खेत का बंटवारा न करने से क्षुब्ध होकर पिता की हत्या की बात बताई। दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिनेश को मऊआइमा पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया।

### बार संघ चुनाव में चौथी बार महामंत्री बने हंसराज, संयुक्त मत्री उदय



**करछना।** गुरुवार को करछना बार एसोसिएशन का चुनाव शातिपूर्ण ढग से संपन्न हुआ इस दौरान कुल 196 मतो मे से 176 मत पडे जिसमे महामंत्री पद के हसराज सिह को 125 मत पाकर चौथी बार चुनाव जीते जबकि विकास तिवारी को महज 52 मत ही मिले।इसी प्रकार सयुक्त मत्री पद के लिए देवेश द्विवेदी,धर्मेन्द्र शुक्ला और उदय प्रताप सिह रहे जिसमे 89 मत पाकर उदय प्रताप सिह ने बाजी मारी।इसके पहले अध्यक्ष पद के लिए चिन्तामणि शुक्ल और उपाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक सिह सहित कई पदाधिकारी निर्विरोध चुने जा चुके है।सुबह 10 बजे से शुरु हुई चुनावी प्रक्रिय दोपहर तीन बजे के बाद परिणाम की घोषणा मुख्य चुनाव हनुमान तिवारी व ध्रुवराज सिंह ने की।निर्वाचित पदाधिकारियों को और बार के सभी सदस्यों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत करते हुए एक दूसरे का मुह मीठा कराया।



# जिला क्षय रोग अधिकारी ने मेजा सीएचसी का किया निरीक्षण

**मेजा।** चिकित्साधिकारी प्रभारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर ए के तिवारी ने बुधवार को मेजा स्थित सीएचसी के निरीक्षण के दौरान बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी संबंधित सेवाओं के सुद्धरीकरण हेतु 15 मई से 21 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया है।उन्होंने कहा कि क्षय रोग की गतिविधियों के साथ कुष्ठ, फाइलेरिया और कालाजार उन्मूलन गतिविधियों पर जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर टीबी, फाइलेरिया और कुष्ठ के मरीज चिन्हित कर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लाया जाएगा। उन्होंने क्षय रोग वर्कर बृजेश यादव को क्षय रोगियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान कर उनका समय -समय पर जांच करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डॉक्टर बब्लू सोनकर, डॉक्टर समीम अख्तर, डॉक्टर शाश्वत सिंह, एलटी दीपू तिवारी, राजकुमार पाल आदि मौजूद रहे।

# नैनी पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर टप्पेबाज नकदी, आभूषण व पिस्टल बरामद

अखंड भारत संदेश

**मलहरा फाटक के पास से धर दबोचा, पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा चौदह फरवरी को काटनमिल के पास कार में मोबिल गिरने की बात बताकर कार से सामान गायब किए थे**





**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में हो रही टप्पेबाजी की लगातार घटनाओं पर आखिरकार पुलिस ने आपना शिकंजा कस दिया। बताया जाता है कि सीसीटीरवी फुटेज और सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को गिरोह के दो सदस्यों को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछतांछ में बताया गया कि इनका एक पांच,छह लोगों का एक गिरोह है जिसका मुखिया संजय पुत्र मुनियान डीह निवासी र-1 ब्लाक मदनगिरी थाना अम्बेडकर नगर नई दिल्ली है उसी के कहने पर ये लोग अलग-अलग जगह गुट बनाकर रेकी कर चोरी करते है ये नई दिल्ली से अपने सहयोगियों के साथ यहाँ आते है और चोरी कर वापस ट्रेन पकड़कर चले जाते है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 32 बोर की पेस्टल लाइसेंसी, 6 जिंदा कारतूस, एक लैपटाप डेल कम्पनी, पावर बैंक माउस, चार्जिंग वायर व हडफोन एप्पल कम्पनी, एक लाख बारह हजार रुपए व 452 ग्राम चांदी के आभूषण को बरामद किया है जानकारी के अनुसार टप्पेबाजों द्वारा एक ही मॉड्यूस ऑपरेंडी के सहारे क्षेत्र में घटनाएं की जा रही थी। पुलिस ने जब इसकी गहन जांच की तो पुलिस के हाथों कुछ क्लू लगे। इसी जानकारी पर कार्य करते हुए पुलिस ने कार्तिक कुमार पुत्र कृष्णा कुमार निवासी बी-49 जे0जे0 कालोनी वाल्मिकी गली इंद्रपुरी थाना इंद्रपुरी नई दिल्ली मूल पता सिलम थाना सिलमगंज जिला चेन्नई तमिलनाड़ और जय कुमार नायडू पुत्र सांगा राजा नायडू निवासी र-1 ब्लाक मदनगिरी थाना अम्बेडकर नगर नई दिल्ली स्थायी पता सीलम थाना सीलमगंज जिला चेन्नई, तमिलनाड़ को नैनी के मलहरा फाटक के पास से धर दबोचा पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा चौदह फरवरी को काटनमिल के पास कार में मोबिल गिरने की बात बताकर इको स्पोर्ट कार में रखे झोले में रखा लगभग-बारह लाख रुपए चोरी कर लिये गये थे।वही चौदह अप्रैल को एडीए मोड़ के पास से सिलेरियो कार में बैठे चालक को मोबिल गिरने का झांसा देकरकार से चाँदी के आभूषण का बैग चोरी कर लिया गया था।इसके साथ ही दस मई को काटन मिल के पास टप्पेबाजों द्वारा इनोवा कार में बैठे चालक को मोबिल गिरने का झांसा देकर कार से एक अदद डेल कंपनी का लैपटाप, एक अदद लाइसेंसी पिस्टल व नकद 2,80,700/- रूपया व एक अदद बैग व जरूरी कागजात चोरी कर लिया गया था। नैनी कोतवाल बृजेश सिंह के अनुसार गिरोह के अन्य अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

# राज्य परियोजना की टीम द्वारा कौड़िहार का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महानिदेशक विजय किरण आनन्द द्वारा गठित राज्य परियोजना टीम द्वारा जनपद प्रयागराज में विकासखंड कौड़िहार (जो सुपर 50 में चयनित है) के विभिन्न स्कूलों में निपुण लक्ष्य प्रगति तथा विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों का वृहद स्तर पर मूल्यांकन किया गया सर्वप्रथम टीम प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज प्रथम पहुंची जो बीआरसी प्रांगण में स्थित है टीम ने विद्यालय के छात्रों की गुणवत्ता कक्षा 1,2,3 में निपुण प्रगति के सापेक्ष भौतिक प्रगति का मूल्यांकन किया। सभी कक्षा के छात्रों ने सभी पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया, प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज की गुणवत्ता बहुत ही अच्छी पाई गयी, सभी कक्षा 1,2,3 के छात्र निपुण पाए गए. विद्यालय की गुणवत्ता की प्रशंसा की गई । इसी क्रम में कम्पोजिट विद्यालय दुखियापुर में निरीक्षण किया गया सभी कक्षा 1,2 व 3 के बालकों से पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया। निरीक्षण कर्ता अधिकारी ने विद्यालय की गुणवत्ता की सराहना की सभी शिक्षक के कार्यों की प्रशंसा की सभी शैक्षिक कार्यक्रम चहक, एफएलएन 4,5 रिमेडियल 6-8 तथा विद्यालय में छात्र हस्ताक्षर पंजिका ,निपुण टेस्ट पंजिका जिस पर शिक्षक रोज टेस्ट लेकर अभिलेख में दर्ज करते हैं देखकर निरीक्षण कर्ता अधिकारी ने किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस विकास खण्ड में लगातार नवाचार के माध्यम से गुणवत्ता पर कार्य किया जा रहा है । छात्र जो रोज नही आते हैं उनकी ट्रेकिंग पंजिका ,आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका का शत-प्रतिशत प्रयोग मिला बिग बुक प्रिंटिं रिच मटेरियल पर कार्य की शैली देखकर प्रसन्न हुए सभी कार्यक्रमों की सराहना किया, इसी के साथ टीम द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया जहां पर सारी सुविधाएं और सारे क्रियाकलाप मानक के अनुसार पाए गए ।ब्लाक संसाधन केन्द्र कौड़िहार में सभी अभिलेखों जैसे शिक्षकों के देयको के प्रेषण की पत्रावली, लीव पत्रावली आदि देखकर प्रसन्नता जाहिर किया सभी कार्य मानक के अनुसार किया जा रहा है ।खण्ड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि विकास खण्ड के सभी 99 विद्यालयों ने स्वयं निपुण घोषणा कर रखी है तथा अवलोकन भी कराया। निरीक्षण के समय एआरपी जयसिंह, विष्णु कुमार मिश्र, अजमल अमीन अंसारी, अवनीश सिंह,उपस्थित रहे। सभी से उन्होंने फीडबैक लिया।

# नगर निगम : 174 पार्षद प्रत्याशियों को 50 वोट के भी पड़ गए लाले

**प्रयागराज।** निकाय चुनाव में जहां इस बार भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों ने जहां रिकार्ड 56 वार्ड में जीत हासिल की तो वहीं चुनाव पूर्व अपनी-अपनी जीत का दावा करने वाले विभिन्न वार्ड के 174 प्रत्याशी 50 वोट का भी आंकड़ा पार न कर सके। कुल 17 पार्षद प्रत्याशी ऐसे रहे जिन्हें दस से भी कम मत मिले।प्रयागराज नगर निगम के 100 वार्ड में इस बार 909 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई। पिछले सप्ताह 13 मई को हुई मतगणना के बाद भाजपा ने सर्वाधिक 56 वार्ड जीते। दूसरे नंबर पर 18 निर्दलीय प्रत्याशी एवं तीसरे नंबर सपा रही, जिसके कुल 16 पार्षद प्रत्याशियों ने चुनाव जीता। हालांकि वार्ड वार आंकड़ों पर गौर करें तो 290 प्रत्याशी 100 वोट भी हासिल नहीं कर सके। वहीं 17 प्रत्याशी दहाई अंक का भी आंकड़ा पार न कर सके। दस से कम मत पाने वालों की बात करें तो वार्ड संख्या 08 तेंदुआवन से चंपा कली को 09, वार्ड संख्या नौ सोनौटी से सूरजभान को 08, वार्ड 15 जयंतीपुर आम आदमी पार्टी के रविंद्र नाथ सिंह को 06, वार्ड 35 झलवा से जयश्री को 09, वार्ड 37 शांतिपुरम से नजमा बानो को 06, वार्ड 45 छतनाग से अवधेश यादव को 09, वार्ड 49 ट्रांसपोर्ट नगर से नेहा यादव को 02, वार्ड 50 कटका से रशिता और विवेक को 5-5 वोट मिले। इसी तरह वार्ड 53 चक निरातुल से मदजबीन को 08, वार्ड 54 राजरूपपुर से नूर फातमा को 07, वार्ड 57 काशीराज नगर से प्रिया केसरवानी को 06, वार्ड 82 करेलाबाग रेशमा को 09, वार्ड 92 बख्शी बाजार से मो. रोशन को 07, वार्ड 97 चौक गंगादास में मो. अरमान को 03 ,वार्ड 99 गुरु तेग बहादुर नगर में नूरजहां को 07 एवं वार्ड 100 अटाला में मो. हसीन को कुल 08 मत ही मिले। ये सभी प्रत्याशी अपने-अपने वार्ड में मत पाने में सबसे पीछे रहे।

**वार्ड 75 झूंसी कोहना से मनीष को मिला सिर्फ एक मत :** निकाय चुनाव में वार्ड 75 झूंसी कोहना से मनीष नाम के प्रत्याशी को सिर्फ एक मत ही मिला। पार्षद चुनाव में मत पाने के मामले में मनीष सभी 100 वार्ड में चुनाव लड़ने वाले 909 प्रत्याशियों में सबसे पीछे रहे। वहीं दूसरी ओर कुल 18 वार्ड ऐसे रहे जहां किसी भी प्रत्याशी के 100 से कम मत नहीं रहे।

# लाभांश मांगने पर अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष को बिना बैठक किए कर दिया निष्कासित

अखंड भारत संदेश

**कविता स्वयं सहायता समूह ने झंझरा चौबे की सरकारी दुकान के कोटेदार पर लाभांश नहीं देने का लगाया आरोप**



**शंकरगढ़।** कविता स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने झंझरा चौबे के कोटेदार पर लाभांश नहीं देने का आरोप लगाया है। आरोपित है कि लंबे समय से लाभांश का पैसा कोटेदार द्वारा व्यक्तिगत खाते में जमा किया जा रहा है। जब समूह की महिलाओं ने लाभांश मांगा तो कोटेदार ने बिना बैठक किए और बताए अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष को बाहर कर दिया। इस मामले को लेकर स्वयं सहायता समूह की तरफ से उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है। जानकारी के मुताबिक कविता स्वयं सहायता समूह की सदस्य सुमन सिंह को झंझरा चौबे की सरकारी राशन की दुकान का आवंटन लगभग तीन वर्ष पूर्व किया गया था। समूह की अध्यक्ष रहीं सुनीता सिंह, कोषाध्यक्ष सुशीला सिंह के साथ सदस्य अंजू सिंह, रमरजिया, राजकली, चंदा व सुनीता सिंह के पति धीरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान झंझरा चौबे पृथ्वीराज साहू ने बताया कि पिछले तीन साल से समूह के किसी भी सदस्य को लाभांश नहीं दिया जा रहा है। आरोपित है कि कमीशन मांगने पर कोटेदार सुमन सिंह व उनके पति ने कर्मचारियों की मिलीभगत से बिना समूह की बैठक किए कविता स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सुनीता सिंह, कोषाध्यक्ष सुशीला सिंह को निष्कासित कर दिया और बिना प्रस्ताव बैंक में दूसरे लोगों का नाम जोड़वा दिया। लाभांश की राशि शासनादेश के मुताबिक समूह के खाते में जानी चाहिए, जो व्यक्तिगत खाते में लेकर कोटेदार और कर्मचारियों द्वारा शासनादेश की धज्जिया उडाई गईं। आरोपित है कि उपरोक्त मामले की शिकायत बीडीओ शंकरगढ, ब्लाक मिशन प्रबंधक शंकरगढ व एसडीएम बारा से की गई। उक्त तीनों अधिकारियों के आदेश के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। दूसरी तरफ कोटेदार सुमन सिंह का कहना है कि समूह के सदस्यों के बैठक में न आने पर कार्यवाही की गई है। लाभांश व्यक्तिगत खाते में ले रही हूं। इस पूरे मामले में उपजिलाधिकारी बारा ने कहा कि बीडीओ शंकरगढ़ को जांच के आदेश मार्च माह में ही दिए गए थे। किसी के साथ गलत नहीं होने पाएगा।

# ड्राइवर ने हमारे सामने ट्रकों से 50हजार वसूल कर साहब को दिया

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर थाना के एक और दरोगा का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

**आरोप थाना प्रभारी रात भर कराते हैं वसूली और हमसे कराते हैं दिन रात काम हजार पांच सौ भी हमे नहीं देते**

**घूरपुर।** अभी चंद दिनों पूर्व ही घूरपुर थाने का दरोगा राजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा घूरपुर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार, जीप चालक वशिष्ठ यादव और गौहनिया चौकी इंचार्ज तारा चंद्र के द्वारा अवैध खनिज परिवहन वाहनों से वसूली और भ्रष्टाचार का सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो का पुलिस महकमें में भड़की आग अभी शांत नहीं हुई थी। कि गुरूवार के दिन थाने के अन्य एक दरोगा का अवैध खनिज परिवहन वाहनों से थाना प्रभारी, थाना जीप चालक और गौहनिया चौकी इंचार्ज द्वारा वसूली किए जानें संबंधी एक और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिससे पुलिस महकमें में खलबली मच गई। गुरूवार के दिन दिनभर घूरपुर थाना कर्मी भी एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते दिखे। गुरूवार के दिन सोशल मीडिया पर जो ऑडियो वायरल हुआ है बताया जाता है कि घूरपुर थाना में तैनात दरोगा सुघर सिंह व हरनारायण दरोगा का है। जिसमें साफ तौर पर सुना जा सकता है कि रात के अंधेरे में किस प्रकार थाना प्रभारी अश्वनी कुमार कार खास जीप चालक वशिष्ठ नारायण और गौहनिया चौकी इंचार्ज ताराचंद के द्वारा वसूली कराई जाती है। वायरल ऑडियो में दरोगा सुघर सिंह कहते सुना जाता है कि रात में मेरे सामने ट्रको से ड्राइवर 50हजार रुपए वसूल कर साहब को दिया। इसके बाद भी एक गाड़ी पकड़ी उसका मालिक आया उसने भी लेनदेन किया। साहब से लेकर चौकी इंचार्ज और पुलिस तक कुछ न कुछ हिस्सा लेते हैं। मुझसे दिन रात काम कराते लेकिन मुझे हजार पांच सौ भी नहीं देते। साहब तो बहुत अच्छे हैं लेकिन यह सब कुछ नहीं समझते हैं। कहे कि लकड़ी लदी वाहनों से भी वसूल लो तुम्हारे में अर्जेस्ट नही करूंगा। साहब को समझना चाहिए कि हमारे भी बाल बच्चे है। कहता है कि एक दिन तारा चंद्र साहब ने शंकरगढ़ भेजा मैंने कहा कि साहब मेरी बाइक 40/42 किलोमीटर जा सकती है। शंकरगढ़ गया दूर था तीन किलोमीटर मुझे पैदल ले जाना पड़ा।ड्राइवर रात भर वसूली कर साहब को देता है लेकिन साहब हमे नहीं समझते हैं। इस दूसरी ऑडियो ने भी घूरपुर थाना द्वारा खनिज परिवहन वाहनों से अवैध वसूली की पोल खोल कर रख दी है।

### दुखड़ा सुनाते विलख कर रो पड़ा दरोगा ....

ऑडियो में दरोगा सुघर सिंह द्वारा दुखड़ा सुनाते विलख कर रोते हुए सुना जा सकता है कहता है कि तीनों चौकी वाले हमे गांव गांव दौड़ाते है पकड़ कर लायेगे उसके बाद चौकी इंचार्ज चौकी के कुर्सी पर बैठ कर सेंटिग कर छोड़ देते है हमे देखते हैं तो कहते हैं कि मै तो इंचार्ज हूं ये साला दरोगा टाइट फिट होकर मेरा हाथ पांव काटने आ जाता है थाना में भी मैं कुर्सी पर बैठा रहूंगा तो आकर हमे खड़ा करवा लोगों को बैठा सेंटिग करना शुरू कर देते हैं। साहब भी सभी से रात भर वसूली करवाते हैं लेकिन हमे कुछ नहीं समझते। साहब बहुत अच्छे हैं लेकिन यही नहीं समझते हमे देने में सभी हरिश्चंद्र बन जाते है घूरपुर थाना हमारे लायक नहीं है अब मैं गैर हाजिरी होकर पुलिस लाइन चला जाऊंगा। साहब मेरे भी बाल बच्चे हैं कहते हुए विलख पड़ता है। पास में दूसरा दरोगा हर नारायण सिंह ढाढस बंधाते हुए कहता है कि अरे रोते क्यों हो तुम दरोगा हो साहब से रिक्वेस्ट कर लिया जायेगा।

### कमिश्नर साहब क्या अब भी नहीं साबित हो रही अवैध वसूली

अवैध खनिज परिवहन वाहनों से अवैध वसूली और थाना के जिम्मेदारों में व्याप्त भ्रष्टाचार की ऑडियो थाने का दरोगा राजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आरोप लगाने का ऑडियो वायरल हुआ तो घूरपुर थाना प्रभारी सहित कुछ अन्य अधिकारी ने उक्त दरोगा को सनकी करार दे पल्ला झाड़ने लगे। यही नहीं दरोगा राजेंद्र प्रताप सिंह ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र भेजकर व्याप्त भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति जांच के लिए भेजी लेकिन कार्रवाई के नाम पर अभी उच्च अधिकारी मौन है, ऐसे में घूरपुर थाना में तैनात दूसरे दरोगा सुघर सिंह की ऑडियो ने भी घूरपुर थाना द्वारा अवैध वसूली की पोल खोल दी तो क्या अब भी कोई कोर कसर बाकी रह गई है थाना के जिम्मेदारों द्वारा अवैध वसूली मामले मे आम जन मानस भी मामले को लेकर आश्चर्य चकित हैं कि आखिर इतने के वावजूद अवैध वसूली करने वाले आरोपितो को आला अधिकारी क्यों अभी तक सुरक्षित किए हैं। उक्त मामले को लेकर एसीपी कौंधियारा वरुन कुमार ने कहा कि सुघर सिंह दरोगा वाली वायरल आडियो मेरे संज्ञान में है। मामले को लेकर डीसीपी को अवगत करा दिया हूं। आडियो की पुष्टि और जांच के बाद विधिक कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने बताया की राजेन्द्र प्रताप सिंह की वायरल ऑडियो की जांच मुझे मिली थी। आज उनका बयान लिया गया है। जांच रिपोर्ट आज डीसीपी को दिया जायेगा।

# हाईटेशन तार से घर मे लगी आग हजारों का नुकसान

**करछना।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के पिपराव गाव मे गुरुवार सुबह हाईटेशन तार के चलते समरजीत निषाद के कच्चे घर मे आग लग गई इस दौरान घर मे रखी बाइक,साइकिल और कई कीमती सामान जलकर राख हो गया।सूचना पाकर फायर कर्मियो ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तबतक कीमती सामान जलकर खाख हो चुका था।परिजनो का कहना था कि सम्बधित उपकेन्द्र पर सूचना देकर बिजली कटवाने के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया।लोगो का कहना था कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आग की घटना हुई इसके बाद भी विभाग अनजान बना रहता है।

# पीजी प्रवेश परीक्षा दो जून से, छह राज्यों के 11 शहरों में कराई जाएगी परीक्षा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) एवं संघटक महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 के लिए परास्नातक प्रवेश परीक्षा (पीजीएटी) दो से पांच जून तक आयोजित की जाएगी। प्रवेश प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। दो जून को सुबह 9:30 से 11:30 बजे की पाली में एलएलएम एवं एलएलबी और अपराह्न दो से चार बजे की दूसरी पाली में एमकॉम की प्रवेश परीक्षा होगी। परीक्षा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में होगी। वहीं, तीन जून को सुबह 9:30 से 11:30 बजे की पाली में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में पीजीएटी-1 (परंपरागत पाठ्यक्रमों की परीक्षा) का आयोजन किया जाएगा।चार जून को सुबह 9:30 से 11:30 और अपराह्न दो से चार बजे की पाली में इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (आईपीएस) एवं पीजीएटी-2 के तहत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा होगी। इन पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा केवल ऑनलाइन मोड में होगी। वहीं, पांच जून को दोनों पालियों में केवल पीजीएटी-2 का आयोजन किया जाएगा। यह प्रवेश परीक्षा भी केवल ऑनलाइन मोड में होगी।प्रवेश परीक्षा के लिए छह राज्यों के 11 शहरों में केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. जयंत कुमार पति के अनुसार नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश में प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, बरेली में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में परीक्षाएं होंगी। वहीं, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल, पश्चिमी बंगाल के कोलकाता, बिहार के पटना और केरल के तिरुवनंतपुरम में केवल ऑनलाइन मोड में प्रवेश परीक्षा होगी।निदेशक के अनुसार सीयूईटी (पीजी)-2023 का स्कोर पीजी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए लागू नहीं होगा। गैर विषय के तहत आवेदन करने वाले आवेदकों को पीजीएटी-2023 की विवरणिका में पृष्ठ संख्या तीन से सात पर अपनी पात्रता और ग्रेडिंग की जांच करनी होगी। अधिक जानकारी इविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश ने किया रवाना

## 21 मई को न्यायालय व तहसीलों में होगा आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 21 मई 2023 को दीवानी न्यायालय एवं वाह्य न्यायालय व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिये जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

प्रचार वाहन का उद्देश्य जन जन तक राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को बताना है तथा जनसामान्य को यह बताना है कि वे अपने सभी प्रकार के मामलों को जो जुमार्ने से दण्डनीय है पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, बिजली के मामले, टेलीफोन के मामले, चेक बाउन्स के मामले, सुलह योग्य फौजदारी मामले, बैंकों के ऋण सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन वाद एवं वैवाहिक वादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर पूर्ण एवं प्रभावी समाधान सुलह समझौता के माध्यम से लोक अदालत में प्राप्त कर सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये गये मामलों की कोई अपील नही की जा सकती है तथा खर्चे भी कम आते है और समाधान का प्रभाव वैसा ही रहता है जैसा न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय का प्रभाव होता है। इस मौके पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम नन्द प्रताप ओझा, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 हरविन्दर सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट आलोक द्विवेदी, अपर सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी लोक अदालत सुमित पवार, अपर सत्र न्यायाधीश/ई0सी0 एक्ट स्नेहलता, अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष 06 कुन्दन किशोर, अपर सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 सुनीता सिंह नागौर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज कुमार द्वितीय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या-13 नीरज कुमार त्रिपाठी एवं समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, चीफ लीगल एड डिफेन्स एड काउन्सेल महावीर यादव, असिण्टेण्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सेल तजीन फातिमा एवं समस्त कर्मचारीगण, समस्त मध्यस्थगण, समस्त पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन नीरज कुमार बरनवाल अपत्र सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया।



प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते जनपद न्यायाधीश।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों मे चले लाठी डण्डे, फायरिंग की सूचना पर मचा हडकंप

## दोनों पक्षों के चुटहिल हुए रेफर, खूंटा गाड़ने को लेकर हुआ विवाद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद मे दो पक्षों के बीच चले लाठी डण्डे में दोनों पक्षों से जुडे दो लोगों को गंभीर चोटें आयी है। घटना को लेकर ग्रामीणों मे फायरिंग तथा पत्थरबाजी की भी चर्चा देखी सुनी गयी। हालांकि पुलिस घटना मे फायरिंग से इंकार कर रही है। लीलापुर थाना के तिलौरी गांव में दो पक्षों के बीच पुराना जमीनी विवाद चला आ रहा है।

गुरूवार को दोपहर करीब तीन बजे खूंटा गाड़ने व उखाडने के विवाद मे दोनों पक्ष आमने सामने हो गये। बातचीत बढ़ते हुए लाठी डंडे से मारपीट तक आ पहुंची। मारपीट की घटना में एक पक्ष के तफ्सीर खान 20 पुत्र सईद तथा दूसरे पक्ष के सरवर 28 पुत्र मो. युनुस को सिर व कई जगह गंभीर चोंटे आ गयी। मारपीट की घटना से गांव मे अफरातफरी मच गयी।

एक पक्ष के मो. सरवर का आरोप है कि वह अपनी जमीन पर खूंटा गाड़ रहा था कि इस बीच विपक्षी नाजिम ने खूंटा उखाड़ दिया। इसके बाद आरोप है कि विपक्षियों ने उसे घेरकर मारापीटा। घायल सरवर का यह भी आरोप है कि विपक्षियों ने पांच राउण्ड फायरिंग भी की किन्तु यह लोग किसी तरह भागकर जान बचा सके। वही दूसरे पक्ष के तफ्सीर का कहना है कि विपक्षी मिलजुमला जमीन मे उनके हिस्से पर खूंटा गाड रहे थे विरोध करने पर लाठी डण्डे से मारापीटा।

घटना को लेकर फायरिंग तथा पत्थरबाजी की जानकारी मिलते ही पुलिस के भी होश फाख्ता हो उठे। आननफानन में पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों के घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आयी। यहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फायरिंग को लेकर हालांकि सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर तथा लीलापुर प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव ने सिरे से नकार दिया।

# वृद्ध की मौत में बेटियों ने जताई हत्या की आशंका

अखंड भारत संदेश

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के जेठवारा खपरैलन का पुरवा निवासी रमाकांत पाण्डे (65) वर्ष की कल हुई मृत्यु को उनकी तीन पुत्रियो मे से दो ने पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि मेरे पिता की स्वभाविक मृत्यु नही बल्कि हत्या की गई है जिसकी प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही किये जाने के बाद ही लाश का अंतिम कार्य क्रिया कराया जायेगा, नही तो वह लाश का अंतिम संस्कार नही करेगी। मौके पर सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता भारी पुलिस फोर्स के साथ जेठवारा तिराहे पर रमाकांत के निवास पर डटे हुए है लोगो ने जेठवारा थानाध्यक्ष पर मिलीभगत कर पैसा लेकर अभी तक प्राथमिकी न दर्ज करने का आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। बता दें कि रमाकांत पाण्डे की केवल तीन पुत्रियां ही है तीनों मे जमीन के बटवारे हिस्से को लेकर विवाद रहा है। लोगो का कहना है कि जमीनी विवाद व पैसे को लेकर यह सब मामला बन रहा है।

# छात्रावास से चोरों ने उड़ाया बाइस पंखे, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्यालय के छात्रावास में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना अंजाम दी है। लालगंज कोतवाली के शीतलमऊ स्थित राजकीय बालिका विद्यालय के छात्रावास में अज्ञात चोरों ने कमरों का ताला तोडकर बाइस पंखे चोरी कर ले गये। चोरी की घटना मे एक अल्टीनेटर पर भी बदमाशों ने हाथ साफ कर दिया। आठ मई को विद्यालय खुला तो प्रधानाचार्य छात्रावास का निरीक्षण करने पहुंचे। छात्रावास मे चोरी की वारदात देख वह दंग रह गये। प्रधानाचार्य कृष्णकान्त पाण्डेय की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार की रात अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# 40 लाख का टेंडर पर बसअडडे में पुरानी ईटों से बन रही बिल्डिंग

## पुरानी बिल्डिंग से निकली ईटों का ठेकेदार कर रहा प्रयोग

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** राजा भैया के विधान सभा क्षेत्र व सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से कुंडा का पुराना बस अड्डा बन तो रहा है लेकिन इसमें पुरानी ईटों का प्रयोग किया जा रहा है। नई बिलि्डग बनाने में पुरानी ईट लगाई जा रही है जबकि बसअड्डे के निर्माण के लिए 40 लाख का टेंडर हुआ है।

कुंडा के पुराना बस अड्डा का से पुराना शब्द ऐसे जुड़ गया है कि वह हट ही नहीं रहा है। सांसद विनोद सोनकर ने प्रयास करके इस बसअड्डे का कायाकल्प कराने का प्रयास किया। उनकी चिट्ठी का परिवहन विभाग ने संज्ञान लिया और पुराना बस अड्डा को नया करने के लिए 40 लाख रुपए का टेंडर निकाला। इस टेंडर को लेने वाले ठेकेदार ने इसे नया किया ही नहीं। सारी पुरानी चीजों को ही रंग रोगन करके इसका निर्माण शुरू कर दिया है। दरअसल बसअड्डे में पानी भर जाता था। इसके लिए इसकी जमीन को सड़क के बराबर करना था। ठेकेदार ने पुरानी ईटें उखड़वाई और नीचे गिराई गई बिलि्डग का मलबा डालकर पुरानी ईटों से नींचे का खड्ंजा बिछा दिया। इसके बाद कर्मचारियों के लिए एक नई बिलि्डग का निर्माण शुरू कराया। इस बिलि्डग में भी पुरानी गिराई गई बिलि्डग का मलबा डालकर उंचा किया गया। इसके साथ ही नई बिलि्डग बनाने में भी पुरानी ईटों का प्रयाग किया जा रहा है। बिलि्डग लगभग पूरी होने वाली है लेकिन किसी अधिकारी ने इस पर आपत्ति नहीं उठाई और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने ही इस तरह के निर्माण पर कोई रोक लगवाई। इसके चलते इस पुराने बस अड्डे में पुरानी सामाग्री से ही सारा निर्माण कराया जा रहा है। अब तक इसमें लगाने के लिए नई ईटें खरीदी ही नहीं गईं। बावजूद इसके पुरानी बिलि्डगों की ईटों को बेच लियाा गया। किसी के रोक टोक न करने से ठेकेदार मनमानी तरीके से निर्माण कार्य करा रहा है। अभी बस अड्डे में एक महिला शौचालय भी बनना है लेकिन लगता नहीं कि पूर्णमानक के साथ इस बिलि्डग का निर्माण हो सकेगा। यानी इस बसअड्डे के साथ नया कुछ भी नहीं होगा सबकुछ पुराना ही रहेगा। यहां बताना आवश्यक है कि बसअड्डे की बाउंडीवाल भी बननी थी लेकिन उसमें भी सिर्फ रिपेयरिंग करके सिर्फ ठीक किया गया। उधर इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय सांसद विनोद सोनकर ने बताया कि पुरार्नी इंटों के लगाने के सम्बन्ध में जो जानकारी मिली है, अगर इसमें सच्चाई पाई गई तो कड़ी कार्यवाही होगी।



बस अड्डे पर पुरार्नी इंटों से बनती बिल्डिंग।

# पुलिस की पिटाई से घायल को सपा मुखिया अखिलेश ने दिया भरोसा, 10 मई को हुई थी पिटाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** छितपालगढ़, प्रतापगढ़ चौकी प्रभारी रामानुज यादव और दो अन्य सिपाही दीपक एवं हर्षवर्धन द्वारा 10 मई 2023 को पिटाई से गंभीर रूप से घायल सीआरपीएफ जवान के बेटे मोहम्मद दानिश उर्फ मोहम्मद कैफ के बारे में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जब पता चला तब उन्होंने पार्टी के निवर्तमान जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी से परिवार से तत्काल मिलने का निर्देश दिया और खुद भी पीड़ित परिवार से मिलने की बात भी कही।

अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रतापगढ़ समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने दानिश के परिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलवाया। उन्होंने परिवार से आर्थिक और कानूनी मदद के साथ हरसंभव मदद का आश्वासन दिया परिवार ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया। मुलाकात करने वालों में समाजवादी पार्टी के नि.जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, वसीम खान, दानिश के भाई मोहम्मद मोहसिन खान, अधिवक्ता अतीक अहमद और अनिल सरोज बबलू मुख्यतः मौजूद रहे।



घायल मो0 दानिश के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव।

## युवक का हुआ अंतिम संस्कार, खाकी ने ली राहत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाने के ओरी का पुरवा गांव मे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत को लेकर दूसरे दिन भी पुलिस किसी निष्कर्ष पर नही पहुंच सकी। हालांकि परिजनों ने दूसरे दिन गुरूवार को मृतक युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव के रामदीन वर्मा का पुत्र सोनू मंगलवार की रात खाना खाकर घर के बाहर सो रहा था। बुधवार की सुबह उसका शव घर के समीप एक पेड़ पर फंदे से झूलता मिला। पीएम के बाद परिजन हत्या की तहरीर की जिद पर अड गये थे। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर व प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव ने परिजनों से तहरीर देने को कहा। इस पर परिजनों ने अंतिम संस्कार के बाद तहरीर सौपने की बात कही। गुरूवार को युवक के शव का परिजनों ने प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में अंतिम संस्कार कर दिया।

## चोरों ने पचीस हजार नकदी समेत आभूषणों पर किया हाथ साफ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने छत की जाली काटकर घर के अंदर से पचीस हजार नकदी समेत महिलाओं के आभूषण उड़ा लिये। लालगंज के जैनपुर निवासी राज नारायण के पुत्र अंकित कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बारह मई की रात चोर छत की जाली काटकर अंदर घुस आये। चोरों ने बाक्स का ताला तोडकर उसमे रखा पचीस हजार रुपए तथा महिलाओं के सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। घटना की अगली सुबह परिजन सोकर उठे तो घर के अंदर चोरी का नजारा देख दंग रह गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि चोरी की घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

# राजकीय पालीटेक्निक में हुआ पूल कैंपस का आयोजन

## कम्पनी द्वारा छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित संस्था राजकीय पॉलिटेक्निक चिलबिला प्रतापगढ़ में पूल कैंपस का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपद के पालीटेक्निकों से आए लगभग 1200 छात्र-छात्राओं ने टाटा मोटर एवं संसेरा कंपनी में प्रतिभाग किया। कंपनी द्वारा परिणाम चयनित छात्र/छात्राओं के ईमेल आई डी एव व्हाट्सएप्प नंबर द्वारा सूचित किया जाएगा।

उक्त पूल कैंपस का आयोजन अतुल कुमार पांडे हेड कॉर्पोरेट इनोवेसन एवं प्लेसमेंट इनोवेसन कम्स जॉइंटली, द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न कंपनियों के कार्तिकेय, अंजलि, प्रदीप एच० आर० समसेरा इंजीनियरिंग एवं नईम एच० आर० टाटा मोटर्स से आये कंपनी के अधिकारियों का स्वागत संस्था के कार्यवाहक प्रधानाचार्य देवेंद्र श्रीवास्तव, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन अधिकारी अमित कुमार एवं प्रभारी संदीप कुमार प्रजापति, कपिल देव साहू के द्वारा किया गया। उपरोक्त कार्य में संस्था के जय शंकर तिवारी, इशांत चंद्रा, मो० तारिक, अभिषेक यादव, अमित कुमार यादव, आनंद सिंह, ब्रिजेश सिंह यादव एवं शिवाकांत आदि स्टाफ ने सहयोग किया।




छात्र-छात्राओं को जानकारी देते इंजीनियर।

# लूट व हत्या करने वाले चार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## एक लाख रुपये नकद, पांच मोबाइल व दो अवैध पिस्टल बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महुआर के कब्रिस्तान के पास 15 मई 2023 को आरोपीगण द्वारा एक युवक की गोली मारकर हत्या कर देने सम्बन्धी प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर तीन नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में बीती रात प्र0नि0 सत्येन्द्र सिंह थाना कोतवाली नगर मय हमराह व थानाध्यक्ष उ0नि0 राधेश्याम द्वारा मुखबिर की इस सूचना पर कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम किशुनदासपुर बाग में कुछ व्यक्ति डकैती जैसी बडी घटना को अन्जाम देने के फिराक में इकत्रित हुये है। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जबकि एक व्यक्ति भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर भाग निकला। अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न लूट के मुकदमों से सम्बन्धित एक लाख पांच हजार रुपए नगद व लूट के दो मोबाइल फोन, जामातलाशी से तीन मोबाइल फोन, एक अवैध पिस्टल 32 बोर व दो जिन्दा कारतूस तथा एक अवैध तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। मु0अ0स0 282/2023 में धारा 34 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों का एक सक्रिय गिरोह है। हम लोग आपस में मिलकर लूट व डकैती जैसी घटनायें करके धन अर्जित कर आपस में बाँटते है व इसी से जीवन यापन करते है। आज हम लोग पेट्रोल पंप लूटने हेतु योजना बनाने के लिये बैठे थे। अभियुक्त अरबाज से बरामद पैसे व पिस्टल के विषय में पूछने पर बताया कि 15 मई 2023 को महुआर कब्रिस्तान के पास गुफरान पुत्र रिजवान ने मेरे व शोएब के साथ मिलकर सामान्य आशय से एक युवक को गोली मारकर हत्या किये थे क्योंकि मृतक की होने वाली पत्नी से मेरी काफी बातचीत थी, मृतक को गोली मारने के बाद गुफरान ने पिस्टल रखने को मुझे दिया था तथा 24 अप्रैल 2023 को मैं तथा गुफरान पुत्र रिजवान, मो0 शाहरूख मिलकर थाना अन्तू क्षेत्रान्तर्गत चतुरपुर उमरी मोड़ के पास से सरिया व्यापारी से एक लाख 58 हजार रुपये व एक मोबाइल लूटे थे जिसमें अजमल नें रेकी किया था। इसी तरह अभियुक्तों ने कई लूट का विवरण पुलिस को दिया है। पकड़े गये अभियुक्तों में शोएब खान पुत्र जैनुलब्दीन उर्फ जैनुलहक निवासी ग्राम मुहआर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़, अरबाज पुत्र मुखतार निवासी चालाकपुर बादफरोसान थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़, इमरान खान उर्फ भाला पुत्र खलीलउल्ला निवासी ग्राम गोपालपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ व मो0 शाहरूख पुत्र मो0 नसीम निवासी ग्राम शिवसत थाना दिलीपपुर शामिल हैं।

## ट्रेजरी कार्यालय के पुनः लालगंज में संचालन की वकीलों ने उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील मे गुरूवार को अधिवक्ताओं की हुई बैठक में यहां से स्थानांतरित टेज्जरी कार्यालय को पुनः तहसील मुख्यालय पर संचालित कराए जाने की मांग उठाई गयी। वहीं बैठक में तहसील परिसर मे अधिवक्ताओं के शेडों मे नियमित साफ सफाई न होने को लेकर नाराजगी भी जतायी गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि टेज्जरी कार्यालय के जिला मुख्यालय पर सम्बद्ध होने के कारण मुकदमों मे कोर्ट फीस के साथ लोगों को कई प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उन्होनें इस बात पर नाराजगी जतायी कि नियमित सफाईकर्मियो के प्रबन्ध न होने के कारण अधिवक्ताओं तथा वादकारियों के शेडो मे गंदगी व्याप्त हो उठी है। बैठक मे मारपीट की घटनाओं में अस्पतालों मे चुटहिलों के सीधे चिकित्सीय परीक्षण न कराए जाने को लेकर भी अधिवक्ताओं मे नाराजगी देखी गयी। बैठक के जरिए वकीलों ने समस्याओं के समाधान न होने पर तहसील समाधान दिवस में अफसरों का घेराव किये जाने की भी चेतावनी दी है। बैठक के जरिए अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता जफर याब जिलानी के निधन पर शोक प्रस्ताव भी पारित किया। बैठक का संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया।

# शिक्षक नौकरी नहीं करता, राष्ट्रभक्त नागरिकों का करता है निर्माण

## उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चों को विधायक ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** अमर जनता इंटर कॉलेज कटरा गुलाब सिंह में नया सत्र नया सवेरा कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को विश्वनाथ गंज विधायक जीत लाल पटेल ने सम्मानित किया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेंगा, इसलिए हम सभी को अपने बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान देना चाहिए। विधायक ने पूर्व शिक्षक विनोद कुमार सिंह की मांग पर कॉलेज में चहारदीवारी निर्माण के लिए पांच लाख रुपये विधायक निधि से देने का वायदा किया। शिक्षक नेता ने कहा कि शिक्षक सिर्फ नौकरी नहीं करता बल्कि पूरी निष्ठा और लगन से देश के लिए राष्ट्रभक्त नागरिकों का निर्माण करता है। शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों को इसी भावना के साथ बच्चों को शिक्षा दान करना चाहिए। पूर्व शिक्षक व पत्रकार एस के पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर, पूर्व शिक्षक सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडे आदि ने सम्मानित होने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रबंधक भैरों प्रताप सिंह एवं संचालन शिक्षक अनंत प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा शिक्षक राम शिरोमणि, विनय प्रताप सिंह, विजय पटेल, अनिल पटेल, दिनेश कुमार, राकेश कुमार वर्मा, शिशिर कुमार श्रीवास्तव, अजीत कुमार, आशीष कुमार, शिवाकांत विश्वकर्मा, बृजेश यादव, अरुण प्रताप सिंह व रंजीता सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते विधायक जीतलाल पटेल।

## चोरी की मोटरसाइकिल व कलपुर्जों के साथ युवक गिरफ्तार

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान युवक के घर से एक और बाइक के कलपुर्जे मिले। पुलिस ने सभी सामान कब्जे में लेते हुए उसे न्यायालय भेज दिया। कुंडा पुलिस ने मौली चकिया गांव निवासी धीरेंद्र धुरिया को एक मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा जांच के दौरान बाइक का वह कागज नहीं दिखा सका। कड़ाई से पूछताछ में उसने बाइक चोरी की बबताई। इसके साथ ही एक दूसरी बाइक के कलपुर्जे भी घर से बरामद कराए। पुलिस ने सभी सामान कब्जे में लेकर उसके खिलापफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर विभिन्न गतिविधियाँ योग, स्क्रीनिग, एवं वितरित की गई दवाएं

**कौशाम्बी।** हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप ) के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 17 मई को हाइपरटेंशन डे मनाया गया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिले के सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी 'पीएचसी मंझनपुर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ जनप्रतिनिधि वर्तमान सभासद रमेश पाल व हरीश चंद्र पाल और अजय भारतीय ने किया गया। इसमें उन्होंने मौजूद स्टाफ एवं मरीजो के साथ योगाभ्यास किया। साथ ही बीपी, शुगर की जाँच कराई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही विकास की सीढी है। ज्यादातर लोग पारिवारिक सामाजिक और आर्थिक परेशानी से जूझते हैं जिससे उनकी दैनिक जीवन शैली प्रभावित होती हैं और वह बीमारियों की पकड़ में आने लगते हैं। डॉ नीरज ने बताया कि वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर विशेष तौर पर गैर संचारी रोगों की जानकारी दी गई। इसमें बीपी, शुगर हृदय रोग आदि शामिल हैं। सभी को स्पष्ट संदेश दिया गया कि स्वस्थ रहने के लिए समय समय पर जांच कराएं।

# छेड़छाड़ से परेशान कालेज छात्रा को पुलिस से नहीं मिला इंसाफ छात्रा ने जहर पीकर दी जान

अखंड भारत संदेश

आत्महत्या करने वाली छात्रा ने अनुज नाम के एक युवक पर छेड़छाड़ और परेशान करने का लगाया था आरोप



**कौशाम्बी।** जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में कॉलेज की छात्रा ने छेड़छाड़ से परेशान होकर पुलिस से शिकायत की,लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और पतेशाना छात्रा ने जहर पीकर अपनी जिंदगी खत्म कर ली,आरोप है कि पीड़िता ने मौत को गले लगाने से पहले अनुज नाम के एक युवक पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया था और पुलिस से शिकायत भी किया था, पीड़िता की मौत के बाद आनन-फानन मे एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी पीड़ित के घर पहुच कर जांच कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटना पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की है जहा इंटर की एक छात्रा ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली है।छात्रा के पिता की वर्षों पहले मौत हो चुकी है, मां किसी तरह बच्चों की परवरिश कर उन्हें पढ़ा-लिखा रही थी, बुधवार की शाम उनकी बेटी कॉलेज से लौटकर घर आई थी,परिजनों के मुताबिक, वो खाना-पीना किए बिना ही अपने कमरे में चली गई। इसके बाद काफी समय तक जब नहीं लौटी तो परिजन उसके कमरे में गए। यहां छात्रा के मुंह से झाग निकल रहा था। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि वे लोग छात्रा को आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे,यहां छात्रा गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया, प्रयागराज ले जाते समय छात्रा ने दम तोड़ दिया। परिजनों की मानें तो आत्महत्या करने वाली छात्रा ने अनुज नाम के एक युवक पर छेड़छाड़ और परेशान करने के आरोप लगाया था। वह इस बात को लेकर पुलिस के पास भी गई थी, और वहीं से लौटने के बाद छात्रा ने आत्महत्या किया है। वही पश्चिम शरीरा थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी ने बताया कि घटना के संबंध मे थाना पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली थी, परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने पर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच की जा रही है, जैसे ही कोई साक्ष्य मिलता है उसी आधार कर कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी के द्वारा कही गई बातों की भी जांच किए जाने की जरूरत है।

## मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अभियुक्त नहीं हुआ गिरफ्तार

### गिरफ्तारी वारंट और मुनादी करने का अदालत ने पुलिस को दिया आदेश

**कौशांबी।** मोहम्मदपुर पैसा थाना क्षेत्र के रामसहाई पुर गांव निवासी करुणेश पांडे पुत्र देव मुनि पांडे के विरुद्ध स्थानीय थाना पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 42 / 23 धारा 147 ,148, 149, 323, 336, 307 आईपीसी व 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत था जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक द्वारा की जा रही थी इस विवेचना के दौरान अभियुक्त करुणेश पांडे पुत्र देव मुनि पांडे के विरुद्ध 233 2000 को एनबीडब्ल्यू न्यायालय द्वारा निर्गत किया गया था एनबीडब्ल्यू प्राप्त होने के बाद भी अभियुक्त पांडे गिरफ्तार नहीं हो सका जिसके बाद दिनांक 5 /4/2023 को अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी का आदेश न्यायालय से प्राप्त कर दिनांक 6 /4/ 23 को अभियुक्त के घर पर चस्पा कर गांव में मुनादी करवा दी गई है किंतु अभी तक अभियुक्त गिरफ्तार नहीं हो सका है।

## न्यूज झरोखा

### डीजे के धुन पर निकाली गई शिव बारात

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद मंदिर में स्थापित की गई शिव प्रतिमा



**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारा में रिटायर्ड शिक्षक भैया लाल द्विवेदी द्वारा शिव मंदिर की स्थापना की गई है शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना के पूर्व डीजे की धुन पर नाचते गाते भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए गांव क्षेत्र में बड़े धूमधाम से शिव बारात निकाली गई है भक्ति में झूमते नाचते गाते सैकड़ों भक्त शिव बारात में शामिल हुए भगवान 17 मई की दोपहर में भगवान भोले शिव की बरात नारा ग्राम में बड़े ही धूमधाम से निकाली गई शिव बारात के बाद मंदिर में मूर्तियां स्थापित कर उनकी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई जगत नारायण करवरिया इंटर कॉलेज नारा के रिटायर शिक्षक भैया लाल द्विवेदी ने नया शिव मंदिर का निर्माण कराया है शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के बाद 18 मई दिन बृहस्पतिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

### छह महीने पहले बनी इंटरलॉकिंग सड़क धंसी



**हर्रायपुर कौशांबी।** मूरतगंज बिकास खण्ड क्षेत्र के अंतर्गत शोभना गांव में 6 महीने पहले इंटर लॉकिंग सड़क बनाई गई थी शोभना ग्राम पंचायत के अंदर लगभग 200 मीटर बनाई गई इस सड़क में ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने लाखों रुपए की रकम खर्च कर दी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के समय जमकर धांधली हुई ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने मिलकर जमकर कमीशन खोरी की सड़क बनाए जाने में गुणवत्ता की कमी के चलते सड़क 6 महीने के अंदर जगह जगह धस गई है जिससे लोगों को आवागमन में फिर दिक्कत होने लगे हैं क्षेत्र के लोगों ने सड़क निर्माण में धांधली की शिकायत करते हुए जांच किए जाने की मांग विकास भवन के अधिकारियों से की है।

### ट्रेलर की टक्कर से जमीन पर गिरे ट्रांसफार्मर में लगी आग



**कौशाम्बी।** जिले के संदीपनघाट थाना क्षेत्र के महगाव में सड़क के किनारे लगे हुए ट्रांसफार्मर में अनियंत्रित ट्रेलर ने टक्कर मार दिया है टक्कर लगते ही ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया और बिजली की तार टूट गई,ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से ट्रांसफार्मर में आग लग गई,आग लगने से अफरा तफरी मच गई,मौके पर रहे लोगो ने बिजली विभाग को सूचना दी और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया,लेकिन ट्रांसफार्मर जल जाने से इलाके की बिजली गुल हो गई

### जल संरक्षण की मुहिम को लेकर कौशाम्बी से लखनऊ के लिए साइकिल से निकले दो युवा



**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर से साइकिल से दो युवक अभिषेक नारायण और सूरज त्रिपाठी जल संरक्षण का संदेश लेकर लखनऊ के लिए निकले है,भीषण धूप और चिलचिलाती गर्मी में मंझनपुर से लखनऊ के लिए साईकिल से यह युवक रवाना हुए है,यह युवक साइकिल से लगभग 200 किलोमीटर का सफर तय कर लखनऊ पहुचेंगे। साइकिल सवार युवक लखनऊ में जलशक्ति मंत्रालय के एमडी से मिलकर जल संरक्षण के संबंध में वार्ता करेंगे,जल संरक्षण को बचाने की मुहिम और जागरूकता के लिए दोनों युवाओं के साहस की हर ओर प्रसंसा हो रही है सिराथू के सयारा व देवीगंज में शिक्षक एवं जल बचाओ जीवन बचाओ के प्रणेता रणविजय निषाद व समाजसेवी रमेश साहू ने साइकिल सवार युवकों का स्वागत किया एवम शुभकामनायें दी।

### आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह पहुंचे कौशाम्बी



**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनूप सिंह के जनता का अभिवादन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कौशाम्बी पहुंचे आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है ।संजय सिंह ने कहा कि भाजपा पार्लियामेंट में जनसंख्या नियंत्रण पर बड़े बड़े भाषण देती है और उनके मंत्री चार बच्चे पैदा करने की बात करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि यूपी निकाय चुनाव में बहुत बड़ी जीत हुई है,जबकि यूपी निकाय चुनाव में भाजपा को 30% वोट मिले है और निर्दलीय को 33% वोट मिले है,और भाजपा बड़ी जीत के ढिंढोरे पीट रही है संजय सिंह ने सराय अकिल की जनता का अभिवादन करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया कि उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अनूप सिंह को चुनाव में जीत दिलाकर उन्हे सम्मान दिया है ।उन्होंने जनता से वायदा किया कि अनूप सिंह जनता के वायदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

### दहेज उत्पीड़न के अभियुक्त को ढाई वर्ष की सजा, तेरह वर्ष पूर्व पीड़ित महिला ने कोखराज थाने में दर्ज कराया था मुकदमा



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में दहेज के लालची युवक पर पुलिस ने तेरह वर्षो पूर्व मुकदमा दर्ज कर अदालत में चार्जशीट दाखिल किया था मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने युवक को दोषी पाया और ढाई वर्ष की सजा सुनाई है आरोपी को अदालत ने 8000 के अर्थदंड से दंडित किया है अर्थदंड ना अदा करने पर 9 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी थाना कोखराज अंतर्गत 14 अगस्त 2010 को डीपी एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त चन्दन सरोज पुत्र स्व0 किशोर निवासी चमन्धा थाना कोखराज के विरुद्ध पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी मामले के मुकदमे की सुनवाई न्यायालय एडीजे एफटीसी एक द्वारा की गई शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पुलिस द्वारा पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से पुलिस ने लगातार अदालत में प्रयास किया मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी को दोषी पाते हुए अदालत ने दो वर्ष 06 माह सश्रम कारावास तथा आठ हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 09 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

# किशोरी की हत्या के दोषी को उम्रकैद

अखंड भारत संदेश

रात में घर में घुस कर किया था दुष्कर्म का प्रयास, शोर मचाने पर किशोरी को लगा दी थी आग



**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के छितानी का पुरवा मजरा मोहम्मदपुर असवां गांव में छः साल पहले किशोरी की आग लगा कर की गई हत्या के दोषी को अतिरिक्त न्यायाधीश पोक्सो एक्ट सुशील कुमारी ने उम्रकैद की सजा सुनाई है,साथ ही 30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।आरोपी ने पीड़िता के घर में दुष्कर्म की नीयत से घुस कर घटना को अंजाम दिया था। अभियोजन के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर असवां गांव के छितानी का पुरवा निवासी वादी मुकदमा के घर में 11 सितंबर 2017 को रात करीब 9 बजे गांव का मानसिंह पुत्र राधेश्याम कूद कर वादी की 14 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था। किशोरी के शोरगुल मचाने पर मानसिंह ने घर में रखे मिट्टी के तेल को किशोरी के ऊपर उड़ेल कर आग लगा दी थी, किशोरी को बचाने के लिए आई उसकी मां के साथ मानसिंह ने मारपीट की और जान से मार डालने की धमकी दे कर भाग गया था। घटना में गम्भीर रूप से झुलसी किशोरी को एम्बुलेंस से परिजन जिला अस्पताल ले गए, जहां से उसे प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां रात करीब तीन बजे किशोरी की मौत हो गई थी। मामले में वादी मुकदमा ने मानसिंह के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया। राज्य सरकार की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार चौधरी ने कोर्ट में 8 गवाह पेश करके गवाही कराई। दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद अतिरिक्त न्यायाधीश पोक्सो एक्ट सुशील कुमारी ने दोषी मानसिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषी के खिलाफ तीस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है, जिसकी वसूली होने पर सम्पूर्ण धनराशि वादी मुकदमा को दिलाने का आदेश सुनाया है।

# पुलिस से न्याय न मिलने का आरोप लगते ही बालिका के मौत के जिम्मेदारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

नाबालिग छात्रा की जहर खाने से हुयी मृत्यु का पुलिस ने किया खुलासा




**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा क्षेत्र के एक स्कूल की बालिका ने छेड़खानी से तंग होकर जहर पीकर आत्महत्या कर लिया मामले में थाना पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगे थाना पुलिस से बार-बार छात्रा छेड़खानी की शिकायत कर रही थी लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नहीं की पुलिस से न्याय न मिलने पर छात्रा ने जहर पीकर आत्महत्या कर लिया पुलिस पर आरोप लगते ही पुलिस ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है और उन पर मुकदमा दर्ज कर दिया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बालिका के आत्महत्या किए जाने के मामले में पॉक्सो एक्ट बनाम अनुज द्विवेदी पुत्र अवधेश द्विवेदी निवासी गलेहरा थाना धाता जनपद फतेहपुर पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आया है कि आरोपी अनुज द्विवेदी मृतक बालिका से प्रेम करता था तथा मृतका भी उससे प्रेम करती थी इसी बीच आरोपी अमरदीप तिवारी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी गोराजू थाना पश्चिम शरीरा भी मृतका को पसंद करने लगा और मृतका की मां के पास शादी का प्रस्ताव लेकर गया जिसपर मृतका की मां द्वारा यह कहकर इनकार कर दिया गया कि हमारी पुत्री अभी पढ़ाई करती है और अभी छोटी है उसकी शादी की उम्र नहीं है फिर भी अमरदीप मृतका से फोन से व फेसबुक से बात करता रहा, मिलता रहा तथा शादी के लिये जिद करता रहा आरोपी अनुज द्विवेदी भी मृतका से मिलता व बात करता रहा 17 मई 2023 को सुबह करीब 08.30 बजे आरोपीगणों द्वारा मृतका से मिलकर यह पूछा गया कि किसे प्रेम करती हो इस बात पर मृतका द्वारा अभी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया गया इस विवाद के बाद मृतका द्वारा आरोपीगणों के पहुचने से पहले पानी की बोतल में जहर सल्फास मिलाकर पी लिया गया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। आरोपी अनुज द्विवेदी मृतका के चचेरे मामा का लड़का है। दोनों अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार कर लिया गया है मुकदमें को धारा 306 भादवि में तरमीम कर अग्रिम विवेचना प्रचलित है थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा दोनो अभियुक्तों को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कड़ा कालेश्वर मठ नागा बाबा कुटी में हो रहा है शिव शक्ति महा यज्ञ आज होगा विशाल भंडारा

अखंड भारत संदेश



**कौशाबी।** कडा सिद्ध पीठ शीतला धाम कालेश्वर मठ नागा बाबा कुटी में शिव शक्ति महा यज्ञ की शुरूआत 13 मई कलश यात्रा के बाद कलश स्थापन कर यज्ञ की शुरूआत कर प्रतिदिन भगवान भोले नाथ बाबा यज्ञ मंडप में प्रतिष्ठित देवों का आवाहन विद्वान आचार्यों के द्वारा किया गया है रात्रि 8 बजे से राम कंथा विद्वान कथा वाचक व्यास के मुखारविंद से राम रस की वर्षा हो रही हैं कथा के बाद भक्तो में प्रसाद का वितरण किया जाता है यज्ञ अधिष्ठाता शिव शक्ति उपासक बाल योगी स्वामी श्री विक्रमा नंद सरस्वती जी फलाहारी नागा बाबा जी हैं जो प्रयाग राज की धरती से पधार कर कडा धाम मे कालेश्वर मठ नागा बाबा कुटी में शिव शक्ति महा यज्ञ का आयोजन किया हैं साथ में तमाम साधु-सन्तों भक्तो को लेकर यज्ञ की शुरूआत कर क्षेत्र जनपद के कल्याण की कामना की और मठ के महंत जंगल बाबा साणा नाथ बाबा भरवारी महंत राजेन्द्र दास तथा संत सेवक पंडा समाज के गौरव अनिल उर्फ गोपाल पंडा तिवारी बाबा आदि संतो के साथ भगवान भोले नाथ बाबा की यज्ञ की सफलता के लिए विधिवत पूजन अर्चन किया यह यज्ञ 13 मई से 19 मई तक प्रतिदिन होगी 19 मई को हवन के पश्चात समापन होगा और उसी दिन विशाल साधु-सन्तों भक्त गणों का भंडारा होगा जिसमें सभी समुदाय के लोगों से इस जन कल्याण कारी यज्ञ में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील करते हुए कहा कि यह यज्ञ किसी एक का कार्य नहीं हैं बल्कि सबका धर्म की रक्षा का कार्य हैं जिसमें सब को शामिल होना चाहिए बढ चढ कर हिस्सा लेते हुए भागीदारी करना चाहिए।

## साइबर सेल टीम द्वारा पीडिता के खाते में कराया गया पैसा वापस

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर अंतर्गत 14 मार्च 2023 को आवेदिका सुनैना देवी पत्नी रविशंकर साहू निवासिनी बसोहिनी थाना मंझनपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष एक शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका के क्रेडिट कार्ड एकाउण्ट से 98 हजार रुपए की आनलाईन ठगी करके निकाल लिया गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में साइबर सेल द्वारा कुशलता व सक्रियता से कार्यवाही करते हुये आनलाईन गेटवे कम्पनी से समन्वय स्थापित कर 13 मई 2023 को आवेदिका उपरोक्त के बैंक क्रेडिट कार्ड से निकली धनराशि 98000 रुपए आवेदिका के क्रेडिट कार्ड खाता में वापस कराये गये। धनराशि वापस होने पर आवेदिका सुनैना देवी द्वारा कौशाम्बी पुलिस व जनपद साइबर सेल टीम को धन्यवाद दिया गया।

# चौकी प्रभारी ने कई वाहनों सहित , रेहड़ी पटरी दुकानदारों हुआ ऑनलाइन चालान

अखंड भारत संदेश

सर्विस लाइन, डिवाइडर के पीछे रेहड़ी लगाने वाले हुए कोपभाजन का शिकार,दी गयी नोटिस

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा भोला चौराहा लंबे अर्से जाम के झाम से जूझ रहा है खबरों पर संज्ञान लेकर प्रशासन समय समय पर कार्रवाई भी करता है लेकिन फिर भी प्रशासन जाम के झाम से मुसाफिरों को छुटकारा नही दिलवा पा रहा है।

आज गुरुवार शाम चौकी इंचार्ज अभिषेक गुप्ता ने राष्ट्रीय राजमार्ग में बेतरतीब खड़े कई पिकप सहित ठेलिया,खोमचे रेहड़ी वालों का चालान किया इनमें डिवाइडर के पीछे लगाए गए भैरुनाथ कुल्फी,चाट ठेला ,गुटखा मसाला बेचने वाले भी चौकी इंचार्ज के शिकार बन गए चाट ठेले वाले ने बताया साहब इस मंहगाई और बेरोजगारी में ऑनलाइन चालान भरना आसान नही है बच्चों का पेट पालो य ऑनलाइन चालान भरो महीने में 2 से 3 बार ऑनलाइन चालान काट ही दिया जाता है पुलिस प्रशासन उन पर कोई कार्रवाई नही करता जो दिन भर राष्ट्रीय राजमार्ग में टेम्पो,विक्रम खड़ा कर सवारियां बिठाते और उतारते हैं टाण्डा मोड़ के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर देख लीजिए दर्जनों विक्रम ,टेम्पो राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े रहते हैं क्योंकि वह लोग एक बंधी बंधाई रकम माहवारी के रूप में चौकी पुलिस को देते हैं,खैर हम लोग गरीब हैं इसलिए कोई सुनवाई नही होती।

# बैंक की तानाशाही से समूह बंद करने को महिलाएं हुई मजबूर

अखंड भारत संदेश

**अषाढा कौशाम्बी।** बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा अषाढा में शाखा प्रबंधक और बैंक कर्मियों की तानाशाही से मजबूर होकर महिलाएं समूह को बंद करने की तैयारी कर रही हैं समूह की महिलाओं को बैंक में खाता नहीं खोला जा रहा है जिससे समूह का संचालन होने में दिक्कतें हो रही हैं कई बार मामले की शिकायत अधिकारियों से भी की गई लेकिन उसके बाद भी बैंक के प्रबंधक और कर्मचारियों की तानाशाही में परिवर्तन नहीं हो सका है आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का बैंक में खाता नहीं खोला जाता है समूह की महिलाओं को रोज खाता खोलने के लिए बैंक वाले बुलाते हैं महिलाओं के बार-बार बैंक पहुंचने के बाद भी बैंक कर्मचारियों द्वारा उनका खाता नहीं खोला जाता है जिससे महिलाएं परेशान हैं महिलाओं के कुछ भी पूछे जाने पर बैंक के कर्मचारी महिलाओं से अभद्रता से बात करते हैं जिससे परेशान होकर अषाढ़ा ग्राम पंचायत की महिलाएं समूह छोड़ने के लिए मजबूर हो रही हैं खाता खुलवाने के लिए आए दिन महिलाएं बैंक का चक्कर लगाती रहती हैं और बैंक वाले कोई न कोई बहाना बना कर आए दिन उनको घण्टो इंतजार करवाते रहते हैं और फिर भी खाता नहीं खोलते हैं जिससे महिलाएं तंग आकर समूह बंद करने के लिए मजबूर हो रही हैं एक तरफ समूह के संचालन पर सरकार जोर दे रही है दूसरी तरफ बैंक के प्रबंधक की तानाशाही और कर्मचारियों की उदासीनता के चलते समूह की महिलाएं परेशान है लेकिन उसके बाद भी विकास भवन के अधिकारी बैंक प्रबंधक की नकेल नहीं कस पा रहे हैं लीड बैंक प्रबंधक भी इस मामले में गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

## छात्रों से नहीं वसूली की जाएगी किसी भी तरह की अतिरिक्त फीस : प्रबंधक

शिकायत पर प्रबंधक ने लगाई रोक अभी तक छात्र छात्राओं से वसूली जाती थी अतिरिक्त फीस

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के श्री दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाकरगंज गोराजू में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं से अभी तक अतिरिक्त फीस वसूल की जाती थी ,जिसमें तमाम छात्र छात्राओं ने विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र सिंह से अतिरिक्त शुल्क न लिए जाने की गुहार लगाई थी प्रबंधक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय में एक आवश्यक बैठक बुलाई और बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब छात्रों से किसी भी प्रकार की अतिरिक्त फीस की वसूली नहीं की जाएगी, महज सरकारी फीस ही छात्र छात्राओं से वसूल की जाएगी, इसके अलावा किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा इस निर्णय से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं में खुशी की लहर है।

# पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में पेंशन बहाली सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यालय में गरजे कर्मचारी



**कल्यानपुर कौशांबी।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पेंशन बहाली एवं अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन 18 मई को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में किया गया जिसमें सैकड़ों कर्मचारियों शिक्षकों ने हिस्सा लिया और अपनी आवाज बुलंद किया धरना प्रदर्शन में शामिल शिक्षक कर्मचारियों ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल किया जाए और उनके विभिन्न मांगों को स्वीकार किया जाए धरना प्रदर्शन के बाद शिक्षक कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को संबोधित विभिन्न मांगों से संबोधित ज्ञापन सौंपा है प्रांतीय संगठन के आवाहन पर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित धरना प्रदर्शन ज्ञापन के कार्यक्रम में कई विभाग के सरकारी कर्मचारी संगठन में मौजूद रहे ।धरना प्रदर्शन में कर्मचारियों के पदाधिकारियों में मोतीलाल सिंह एसबी सिंह बीएन सिंह ओमप्रकाश सिंह,गिरिजेश कुमार कुशवाहा हिमांशु प्रदीप पांडेय बृजेश कुमार राजेश कुमार रामसिंह सहित सैकड़ो कर्मचारी शिक्षक सदस्य मौजूद रहे।

संपादकीय

# अमेरिका से मिली नसीहत

**अब** की बार ट्रंप सरकार का नारा अमेरिका में लगा कर आने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो साल बाद फिर से बाइडेन सरकार के कार्यकाल में अमेरिका जाने वाले हैं। जून में उनकी यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के निमंत्रण पर होने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को न्यूयॉर्क में एक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। और 22 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी ने भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में भोज का आयोजन किया है। यह राजनैतिक शिष्टाचार है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का सबसे प्रभावशाली नेता साबित करने में लगे लोग इसे भी वाहवाही के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे प्रधानमंत्री के मित्र बराक और डोनाल्ड के बाद जो का मित्रवत भोज निमंत्रण कह सकते हैं। वैसे अमेरिकी राष्ट्रपतियों से प्रधानमंत्री की गहरी दोस्ती के किस्से गढ़े जाने से पहले एक नजर उस नसीहत पर डाल लेना उचित होगा, जो अमेरिका से एक रिपोर्ट के तौर पर आई है। अमेरिका दुनिया भर में धार्मिक स्थिति का दस्तावेजीकरण करते हुए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करता है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता की वर्ष 2022 की रिपोर्ट में भारत के लिए जो विचार अमेरिका ने रखे हैं, वो चिंता उपजाने वाले हैं कि हमारी छवि किस तरह दागदार हो रही है। अमेरिकी गृह मंत्री एंथनी ब्लिंकन ने सोमवार को इस रिपोर्ट को जारी किया, जिसमें साफ तौर पर कहा जा रहा है कि भारत में धार्मिक समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि अमेरिका ने पहली बार इस रिपोर्ट में भारत का जिक्र किया है। पिछले चार सालों से इस रिपोर्ट में किसी न किसी तरह भारत में धार्मिक स्वतंत्रता में आ रही गिरावट को रेखांकित किया गया है। लेकिन मोदी सरकार इसे खारिज करती आई है। इस साल की रिपोर्ट में भी रूस, चीन, सऊदी अरब समेत कई देशों में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंता जतलाई गई है और इसमें भारत का भी नाम है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता कार्यालय के राजदूत रशद हुसैन ने रिपोर्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत के हरिद्वार में धार्मिक समुदायों के नेताओं ने मुसलमानों के खिलाफ अत्यधिक नफरत फैलाने वाला भाषण दिया। इस घटना का जिक्र करते हुए भारत को बहुलतावाद और सहिष्णुता की अपनी ऐतिहासिक परंपराओं को बनाए रखने का आह्वान किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के कई राज्यों में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ सरकारी एजेंसियां दमन और जुल्म का अभियान चला रही हैं। 2022 में ऐसी कई रिपोर्ट सामने आई है। गुजरात में सादी वर्दी में पुलिस ने सार्वजनिक रूप से अक्टूबर में एक त्योहार के दौरान चार मुस्लिम लोगों को पीटा। मध्यप्रदेश सरकार ने अप्रैल में खरगोन में सांप्रदायिक हिंसा के बाद मुस्लिमों के घरों और दुकानों पर बुलडोजर चला दिया। रिपोर्ट में संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान का जिक्र करते हुए कहा गया है कि 2021 में भागवत ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि देश में हिंदुओं और मुसलमानों के साथ धर्म के आधार पर अलग व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए और गोहत्या के लिए गैर-हिंदुओं को मारना हिंदू धर्म के खिलाफ एक कृत्य है। लेकिन जैसा कि बताया गया है कि मुसलमानों के साथ जो घटनाएं होती हैं वो इन बयानों को झुठला देती हैं। रिपोर्ट में 2022 की घटनाओं पर चिंता जतलाई गई है, जबकि 2023 के पांच महीनों में द केरला स्टोरी से लेकर बजरंग बली की जय वाला प्रचार अभियान, रामनवमी पर हिंसा, भिवानी में गौ रक्षा के नाम पर जुनैद और नासिर की हत्या जैसी कई बड़ी घटनाएं देश में हो चुकी हैं। अगले पांच-छह महीनों में हालात कैसे रहने वाले हैं, कुछ कहा नहीं जा सकता, क्योंकि वक्त चुनावों का है। मोदी सरकार चाहे तो अपनी सुविधा देखते हुए रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दे, वैसे पहले की रिपोर्ट्स तो नकार दी गई हैं। हालांकि कई बार अपना चेहरे की गड़बड़ियां खुद को समझ नहीं आती, उसके लिए या तो आईना देखना पड़ता है या फिर दूसरों की राय सुननी पड़ती है। अमेरिका ने तो शायद मित्रवत व्यवहार में आईना ही दिखाया है। क्योंकि अमेरिका आर्थिक, सामरिक, कूटनीतिक कई तरीकों से भारत का निकट सहयोगी बन रहा है। जी-20, क्वाड जैसे संगठनों में अमेरिका और भारत साथी हैं। चीन की साम्राज्यवादी नीतियों और महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा पर अंकुश लगाने की जितनी जरूरत भारत को है, उतनी ही अमेरिका को भी है। आतंकवाद के भुक्तभोगी दोनों देश रहे हैं और इस वैश्विक समस्या से निपटने के लिए दोनों देशों को एक-दूसरे की जरूरत है। इसलिए मोदी सरकार इस रिपोर्ट को अगर इस बार भी नकारती है, तो ऐसा करने से पहले एक बार उसे सारे बिंदुओं पर गंभीरता से सोचना चाहिए। भारत की छवि दुनिया में हमेशा से उदार और प्रगतिशील विचारों वाले देश की रही है। हमारे देश के ही गांधीजी थे, जिन्होंने द.अफ्रीका में नस्लभेद के खिलाफ आवाज उठाई थी और आगे चलकर जब जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने गांधीजी से मिलना चाहा, तो उन्होंने इंकार कर दिया। क्योंकि हिटलर ने नस्ल और वर्ण की शुद्धता के नाम पर अमानवीय अत्याचार की आग में जर्मनी को झोंका था। अगर भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के संविधानप्रदत्त अधिकार के बावजूद अल्पसंख्यकों को किसी न किसी तरह निशाने पर लिया जाएगा, तो देश ही नहीं, दुनिया में सरकार पर सवाल उठेंगे। अमेरिका ने जो नसीहत अपनी रिपोर्ट के जरिए भारत सरकार को दी है, उस पर विचार करने की जरूरत है।

# पत्रकारिता की मशाल थामने वाले शीतला जी

सर्वमित्रा सुरजन



**जब** देश में करोड़ों बेरोजगार हैं, तो कुछ लाख को नौकरियों से इस समस्या का हल कैसे निकल सकता है। और इन लाखों लोगों में कितने योग्य लोगों को रोजगार मिल रहा है, इसकी पड़ताल का जिम्मा भी पत्रकारों पर ही है। मगर जब सरकार से सवाल पूछने की परंपरा खत्म हो गई है, तो पड़ताल तो दूर की बात है। कोई बाप एंबुलेंस के अभाव में अपनी बेटी के शव को साइकिल पर ले कर जा रहा है या इलाज के अभाव में मासूम लोग दम तोड़ रहे हैं, ये खबरें पत्रकारों की चिंता नहीं रह गई हैं। देश के वरिष्ठतम पत्रकारों में से एक जनमोर्चा के संपादक शीतला सिंह का निधन मीडिया जगत के लिए एक ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। देशबन्धु परिवार के लिए यह व्यक्तिगत क्षति भी है। देशबन्धु के प्रधान संपादक रहे ललित सुरजन और शीतला सिंह का दशकों का साथ रहा। पत्रकारिता के मूल्यों में आ रही गिरावट और देश में सांप्रदायिक ताकतों के बढ़ने पर दोनों की चिंताएं एक जैसी ही थीं। दोनों की आजीविका पत्रकारिता से ही चली, किसी अन्य व्यवसाय से नहीं। सीमित साधनों में, रोजमर्रा की वित्तीय दिक्कतों के बावजूद, हर मुश्किल का सामना करते हुए दोनों ने अपने-अपने प्रदेशों में अखबार निकाला। और देशबन्धु और जनमोर्चा दोनों के सामने ऐसी स्थितियां भी आईं, जब सरकार का कोपभाजन बनने के कारण अखबार के संस्करण बंद करने की नौबत आई, लेकिन फिर भी मूल्यों से समझौता दोनों ने नहीं किया। जब ललित जी कैंसर जैसी असाध्य बीमारी से जूझ रहे थे, तब कोरोना लॉकडाउन का वक्त था, इस वजह से शीतला जी उनसे भेंट नहीं कर सके, लेकिन फोन पर वे लगातार उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहते थे, और घर के बुजुर्ग की तरह तबियत की बेहतरी के लिए अपनी सलाह भी दिया करते थे। बढ़ती उम्र के कारण खुद उनके सामने भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं, लेकिन संयोग देखिए कि देश के दो दिग्गज संपादक आखिरी वक्त तक पत्रकारिता के मोर्चे पर डटे रहे। ललित जी 30 नवंबर 2020 को अस्पताल में भर्ती हुए, लेकिन उससे पहले दोपहर को उन्होंने संपादकीय लिखा, जो हैदराबाद नगरनिगम के चुनावों पर आधारित था। इसमें ललित जी ने इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि किस तरह संकीर्ण धार्मिक आस्था पर आधारित केन्द्रीय सत्ता को स्थापित करने की सोची-समझी रणनीति के तहत देश में राजनीति चल रही है। आज तीन साल बाद भी देश में हालात वही हैं। ललितजी की तरह शीतलाजी भी अपने जीवन के आखिरी दिन जनमोर्चा के दफ्तर में मौजूद थे, व्हील चेयर पर होना उनके अखबारी सरोकारों में कोई बाधा खड़ी नहीं कर पाया।

सही अर्थों में पत्रकारिता से जुड़े लोग शीतला सिंह के काम से परिचित होंगे, बाकियों के बारे में कहा नहीं जा सकता। अब तो भारतीय पत्रकारिता का चेहरा वही लोग बन गए हैं, जो या तो विदेशों से बड़े पुरस्कार हासिल कर, सारी सुख-सुविधाओं के बीच आदर्श की बड़ी बातें करते हैं, या फिर वे पत्रकार जो सत्ता की चापलूसी कर स्टार पत्रकारों की श्रेणी में आ गए हैं। गोया पत्रकार नहीं हुए, किसी ग्लैमरस शो का हिस्सा हो गए हैं। वैसे पत्रकारिता भी अब फिल्मी जगत की तरह ग्लैमरस व्यवसाय में तब्दील कर दी गई है। यहां लाइट, कैमरे और शो बाजी की चमक में बुनियादी मुद्दे इतनी आसानी से गायब कर दिए जाते हैं, जैसे जादूगर हाथ की सफाई से चीजें गायब कर देता है। हालांकि चीजें गायब नहीं होती, वह उसी जगह पर रहती हैं, लेकिन सम्मोहित दर्शक उन्हें देख नहीं पाते। यही हाल पत्रकारिता का हो गया है। मुद्दे तो अब भी वहीं हैं, लोगों के सामने रोजमर्रा की बढ़ती महंगाई, बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का प्रबंध, उनकी नौकरी की चिंता, लड़कियों की सुरक्षा की फिक्र, बुजुर्गों के लिए सम्मान और आराम का जीवन, विकलांगों, किन्नरों के लिए भेदभाव रहित जीवन और समाज में इज्जत का माहौल, पर्यावरण, वन संरक्षण की चिंताएं, दलितों, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों, लघु और मध्यम उद्योग संचालकों के सामने पेश आने वाली समस्याएं, ऐसे दर्जनों विषय हैं, जिन पर रोजाना खबरें बननी चाहिए। लोगों की चिंताओं को आवाज देने का काम मीडिया करे और उन्हें सरकार तक पहुंचाए। लेकिन देश में इस वक्त उल्टी गंगा बह रही है। प्रधानमंत्री कभी 10 लाख रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र बांटें या किसी ट्रेन को हरी झंडी दिखाएं तो उस पर पन्ने भर के खबरें आती हैं, चैनलों की सुर्खियां बनती हैं। तब मीडिया सरकार से सवाल नहीं करता कि ऊंट के मुंह में जीरा समान रोजगार देकर सरकार आखिर किस तरह अपनी वाहवाही करवा सकती है। जब देश में करोड़ों बेरोजगार हैं, तो कुछ लाख को नौकरियों से इस समस्या का हल कैसे निकल सकता है। और इन लाखों लोगों में कितने योग्य लोगों को रोजगार मिल रहा है, इसकी पड़ताल का जिम्मा भी पत्रकारों पर ही है। मगर जब सरकार से सवाल पूछने की परंपरा खत्म हो गई है, तो पड़ताल तो दूर की बात है। कोई बाप एंबुलेंस के अभाव में अपनी बेटी के शव को साइकिल पर ले कर जा रहा है या इलाज के अभाव में मासूम लोग दम तोड़ रहे हैं, ये खबरें पत्रकारों की चिंता नहीं रह गई हैं। चुनावों में खुलेआम धांधली की खबरें आती हैं, चंदौली में हाल ही में नगरपालिका चुनाव में सोनू किन्नर को अपनी जीत के लिए वोटों की दोबारा गिनती करवाने में संघर्ष करना पड़ा, इसके वीडियो देखकर आम आदमी दंग रह जाए, मगर पत्रकारों के लिए ये भी अहम खबर नहीं है। उनके लिए प्रमुख खबरें तब बनती हैं जब कोई फिल्मी या खेल सितारा विवादों में पड़ता है। अभी एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े पर सीबीआई ने कार्रवाई की। समीर वानखेड़े पर नशे के झूठे मामलों में फंसाकर बड़ी रकम ऐंठने का आ?ोप है। वानखेड़े ने ही आर्यन खान को ड्रग्स रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। तब कई स्टार पत्रकारों ने बॉलीवुड को नशे का गटर, फिल्मी सितारों के बच्चों को नशेड़ी, अमीर बाप की बिगड़ी औलादें और न जाने किस-किस तरह से कुख्यात किया था। अब वानखेड़े पर तो किसी वजह से कानूनी कार्रवाई हुई है, लेकिन क्या इन पत्रकारों पर आ?र्न खान या शाहरुख खान को बदनाम करने पर मानहानि नहीं होनी चाहिए।

भले लोगों पर कीचड़ उछालने का जुर्म ही पत्रकार नहीं कर रहे, देश में नफरती उन्माद भरने का संगीन जुर्म भी मीडिया कर रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि कई बार सुप्रीम कोर्ट को इस पर चिंता जाहिर करनी पड़ी है। लेकिन फिर भी रोज की टीवी बहसों में हिंदू-मुस्लिम का शोर मचाया जा रहा है। ढोंगी बाबाओं का महिमामंडन करने का काम पत्रकार कर रहे हैं। ऐसे वक्त में याद आता है कि किस तरह शीतला सिंह और उनका पर्याय बन चुके जनमोर्चा अखबार ने अयोध्या में बाबरी विध्वंस के वक्त पत्रकारिता के मूल्य ढहने से बचाए थे। लालकृष्ण आडवानी की रथयात्रा के बाद कारसेवकों को देश की गंगा-जमुनी तहजीब में सांप्रदायिकता का कीचड़ उड़ेलने के लिए तैयार किया गया था, और इसका परिणाम एक धक्का और के रूप में देश-दुनिया ने देखा था। अटल बिहारी वाजपेयी ने जमीन को समतल करने की बात की थी और अब तो 2 सीटों से लेकर लोकसभा में बहुमत हासिल करने वाली भाजपा की देख-रेख में अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है। देश को बांटने वाले इस राजनैतिक विवाद को धर्म का चोला ओढ़ा कर किस तरह खड़ा किया गया, इसके तमाम पेंचोखम शीतला सिंह अच्छे से जानते थे और उन्होंने भरसक कोशिश की कि समाज में सौहार्द्र बने रहे। जनमोर्चा ने इसमें अहम भूमिका निभाई। बाहर से आने वाले कई पत्रकारों को निष्पक्ष जानकारी इस अखबार और शीतला सिंह से मिली। अब शीतलाजी नहीं हैं, देश की राजनीति सांप्रदायिक ताकतों के चंगुल में है और पत्रकार सत्ता के दुलारे बनने को उतावले हैं। इस कठिन समय में पत्रकारिता की मशाल थामने वाले एक और हाथ का कम हो जाना अत्यंत दुखद है।

# अगले विधानसभा चुनाव तय कर सकते हैं भाजपा का भविष्य

नित्या चक्रवर्ती



**विपक्ष** की आने वाली बैठक में उन मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए जिन पर पार्टियां संसद और संसद के बाहर प्रचार करेंगी। कर्नाटक चुनाव के नतीजे बताते हैं कि बेरोजगारी और गरीबी के साथ-साथ भ्रष्टाचार के मुद्दों ने भी मतदाताओं का ध्यान खींचा है। संयुक्त विपक्ष द्वारा उन मुद्दों के आधार पर एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जाना है जो आने वाले दिनों में न्यूनतम सामान्य कार्यक्रम के मूल में हो सकते हैं।

आगामी अप्रैल-मई 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में एक साल से भी कम समय रह गये हैं जिसके ठीक पहले कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की शानदार जीत ने पार्टी और उसके नेताओं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का हौसला बुलंद कर दिया है। देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए, ऐसी जीत की सख्त आवश्यकता थी ताकि वह अपनी साख फिर से स्थापित कर दिखाये कि वह अपने दम पर बड़े राज्यों में से एक में भाजपा को हरा सकती है।

2019 के संसदीय चुनावों के बाद से, कांग्रेस हिमाचल को छोड़कर सभी विधानसभा चुनाव हार गयी थी। इस तरह कर्नाटक में उसे मिली बड़ी जीत को महज उनके मनोबल बढ़ाने से कहीं अधिक माना जा सकता है। आने वाले समय में लोक सभा चुनावों के पहले पांच राज्यों में कांग्रेस और भाजपा के बीच चुनावी दंगल होगा जिसकी प्रकृति भी उनका भविष्य निर्धारित करने जैसी होगी, लेकिन उसमें क्या होगा?

कांग्रेस को कर्नाटक में बुरी तरह परास्त घायल राजनीतिक शेर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा, जिनमें संकट को अवसर में बदलने की अदम्य क्षमता है। प्रधानमंत्री और उनकी टीम भाजपा की हार से सभी सही सबक लेगी और जीतने की रणनीति को फिर से तैयार करेगी - आगामी विधानसभा चुनाव और अंत में 2024 में लोकसभा चुनाव दोनों के मामले में। नरेंद्र मोदी एक बड़े सशक्त राजनीतिक लड़ाकू हैं और उनके पास आरएसएस की संगठनात्मक शक्ति भी है और उसे गति देने के लिए विशाल वित्तीय संसाधन भी। फिर मई 2024 के चुनावों के बाद विपक्ष को दिल्ली की गद्दी से दूर रखने के लिए मोदी और भाजपा के राजनीतिक युद्ध को अंजाम देने वाला वार रूम किसी भी हद तक जायेगा, इसमें संदेह नहीं। कांग्रेस के लिए जश्न मनाने के लिए बहुत कम समय बचा है। साल के अंत तक मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में राज्य विधानसभा चुनाव होंगे। फिर 2024 में आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव होने हैं जो संभवतः लोक सभा चुनावों के साथ होंगे। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा के सामने मुख्य पार्टी कांग्रेस है। 2018 के विधानसभा चुनावों में तीनों राज्यों को शुरूआत में कांग्रेस ने जीता था। कमलनाथ के मुख्यमंत्रित्व में राज्य सरकार के गठन के महीनों बाद दलबदल के बाद अब मध्य प्रदेश में भाजपा का शासन है। लेकिन तीनों राज्यों में कांग्रेस की ताकत हाल के ग्रामीण चुनावों में सफलता के माध्यम से स्थापित हुई है। तीनों राज्यों में जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी को अपने सभी संगठनात्मक संसाधनों को जुटाना होगा। उनमें जीत भाजपा के खिलाफ विपक्षी खेमे में सबसे आगे के नेता के रूप में कांग्रेस की जगह सुनिश्चित करेगी, वह भी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कहने पर पटना या दिल्ली में शीघ्र ही विपक्षी दलों की बैठक होने की संभावना है, ताकि एकता के आकार पर चर्चा की जा सके और भाजपा विरोधी वोटों में किसी भी विभाजन को रोकने के लिए पार्टियों की अधिकतम समझ स्थापित की जा सके। यह शुरू से ही स्पष्ट होना चाहिए कि इस तरह की समझ के लिए कोई समान सूत्र नहीं हो सकता है। प्रत्येक राज्य की अपनी मजबूरियां होती हैं और कोई भी राजनीतिक दल एकता के हित में अपने शक्ति आधार की उपेक्षा नहीं करना चाहेगा जो परिणाम दे या न दे। इसलिए सबसे अच्छा तरीका यह है कि प्रत्येक राज्य में सबसे मजबूत भाजपा विरोधी दल को गठबंधन की प्रकृति तय करने में मुख्य भूमिका दी जाये। अभी चार राज्यों बिहार, झारखंड, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में सक्रिय विपक्षी गठबंधन है। पहले तीन में उसकी सत्तारूढ़ सरकारें हैं। यह गठबंधन संबंधित राज्यों में भाजपा को टक्कर देने के लिए पर्याप्त है। जरूरत पड़ने पर अन्य भाजपा विरोधी दलों को शामिल कर इसका विस्तार किया जा सकता है।

इसी तरह केरल, बंगाल और पंजाब में विपक्ष का कोई समग्र गठबंधन नहीं हो सकता। पंजाब में भाजपा का बहुत कुछ दांव पर नहीं है और वहां आप और कांग्रेस लोकसभा चुनाव में एक-दूसरे को टक्कर देंगे। आप निश्चित रूप से पंजाब में कुल 13 सीटों में से अधिक से अधिक सीटें हासिल करने की कोशिश करेगी ताकि लोकसभा के बाद की स्थिति में अपनी सौदेबाजी की ताकत बढ़ाये। जहां तक दिल्ली का संबंध है, भाजपा से विपक्ष को खतरा है और इसलिए आप और कांग्रेस के बीच एक समझ हो सकती है, अगर सभी सात सीटों पर भाजपा की हार सुनिश्चित करनी हो तो। बंगाल के संबंध में, परिदृश्य स्पष्ट है, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस भाजपा से लड़ने वाली मुख्य पार्टी है और उसके सभी 42 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की उम्मीद है। कांग्रेस और वामपंथी टीएमसी और भाजपा दोनों के खिलाफ लड़ सकते हैं लेकिन ज्यादातर सीटों पर लड़ाई सिर्फ टीएमसी और भाजपा तक ही सीमित रहेगी। केरल में, वर्तमान पैटर्न कायम रहेगा। वाम मोर्चा और कांग्रेस नीत यूडीएफ लड़ेंगे। वामपंथी कुछ और सीटें हासिल करने के लिए सभी प्रयास करेंगे क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनावों में एलडीएफ को कांग्रेस की 15 और यूडीएफ की 19 सीटों के मुकाबले केवल एक सीट मिली थी। यह दोनों मोर्चों के वास्तविक शक्ति आधार को नहीं दर्शाता था। इसलिए एलडीएफ निश्चित रूप से 2024 में उस विकृति को दूर करने का प्रयास करेगा। फिर आंध्र प्रदेश और ओडिशा अलग श्रेणी के हैं। आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी अकेले चुनाव लड़ेगी, भाजपा और कांग्रेस दोनों के खिलाफ। ओडिशा में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद, उभरती भाजपा और कांग्रेस दोनों के खिलाफ लड़ेगी। ओडिशा के मुख्यमंत्री भाजपा के और विस्तार से अपने क्षेत्र को बचाने के लिए सभी प्रयास करेंगे।

# अमिताभ बच्चन की सफाई

**बॉलीवुड** में शहंशाह और महानायक जैसे नामों से चर्चित अमिताभ बच्चन की पिछले दिनों एक इंस्टाग्राम पोस्ट आई, जिसमें वे पीले रंग की टी शर्ट, शॉर्ट्स और कैप पहने बाइक सवार के पीछे बैठे दिख रहे हैं। इस तस्वीर के साथ महानायक बच्चन ने कैप्शन दिया कि 'सवारी के लिए धन्यवाद दोस्त.. आपको नहीं जानता.. लेकिन आपने एहसान किया और मुझे काम की जगह पर समय पर पहुंचा दिया... तेजी से और न सुलझने वाले ट्रैफिक जाम से बचने के लिए... धन्यवाद कैप्ड, शॉर्ट्स और पीले रंग की टी-शर्ट वाले।' सोशल मीडिया पर अमिताभ बच्चन के लाखों फॉलोअर्स हैं। लिहाजा इस पोस्ट को ढेरों लाइक्स मिले। तेज खबर पहुंचाने वाले चैनलों ने फटाफट खबर भी बना दी कि मुंबई के ट्रैफिक से बचने के लिए अमिताभ ने लिया बाइक सवार का सहारा। वक्त के पाबंद अमिताभ शूटिंग पर समय से पहुंचने के लिए बाइक पर हुए सवार। अनजान शख्स से अमिताभ ने ली लिफ्ट और शूटिंग पर पहुंचे, आदि। उनके प्रशंसकों ने भी इस पोस्ट पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं दीं, बिना यह सोचे-समझे कि अमिताभ बच्चन तक यह तस्वीर कैसे पहुंची। उन्होंने तस्वीर भेजने वाले का नाम क्यों नहीं लिखा। इस तस्वीर को किसी ने तो खींचा ही होगा, लेकिन किसने ये खुलासा तो होना चाहिए था, क्या अमिताभ बच्चन को ये तस्वीर खींचने वाले ने भेजी थी या किसी और ने। ये सारे सवाल अमिताभ बच्चन की काम और वक्त की प्रतिबद्धता की तारीफों में गुम हो गए। सोशल मीडिया पर अक्सर यही होता है। लोग किसी भी अजीबोगरीब तस्वीर या पोस्ट के फेर में आ जाते हैं और सहज बुद्धि वाले सवाल दरकिनार हो जाते हैं। कौवा कान ले गया जैसे मुहावरे जब बने होंगे, तब सोशल मीडिया और फेक न्यूज तो नहीं थे, लेकिन इंसान की फितरत आदिम युग से आज के डिजीटल युग तक एक जैसी ही है। बहरहाल, अमिताभ बच्चन की इस तस्वीर में एक पेंच निकल गया कि उन्होंने बाइक के पीछे बैठकर हेलमेट नहीं पहना। जबकि कानून के अनुसार हेलमेट न पहनने पर चालान कट सकता है। हेलमेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें समाज और सरकार के लिए बड़ी चिंता का विषय है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल दुर्घटनाओं में मारे गए कुल 69,385 दोपहिया सवारों में से लगभग 47,000 लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था। इन आंकड़ों में और बढ़ोतरी न हो, इसलिए सरकार ने अब नियम काफी सख्त कर दिए हैं। ऐसे में समाज के चर्चित लोगों से यह उम्मीद की जाती है कि वे बाकियों के लिए मिसाल बनें। हर नियम का पालन करें। इससे पहले अनुष्का शर्मा का सोमवार को एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ था, जिसमें अभिनेत्री को अपनी डबिंग के लिए जाना था, लेकिन पेड़ टूटने की वजह से उनका रास्ता बंद हो गया था। इस वजह से अनुष्का शर्मा ने अपने बॉडीगार्ड की मदद ली और बाइक पर उनके साथ निकलीं। इस वीडियो में अनुष्का और उनका बॉडीगार्ड दोनों बिना हेलमेट के दिखे। मुंबई की ट्रैफिक पुलिस ने अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा दोनों के खिलाफ हेलमेट न पहनने के लिए कड़े कदम उठाए और उन पर 10, 500 का जुमार्ना लगाया। इसके साथ ही, ट्रैफिक पुलिस ने धारा 129/194, धारा 5/180 और धारा 3(1)181 के तहत उन पर चालान जारी किया है। पुलिस ने चालान की फोटो ट्विटर पर शेयर भी की। ट्रैफिक पुलिस ने ये बताया है कि राइडर्स ने जुमार्ना भरा है। लेकिन कहानी यहां खत्म नहीं हुई। अब अमिताभ बच्चन ने इस मामले में यू टर्न लिया है। अपने ब्लॉग में उन्होंने लिखा -'रविवार है... बलार्ड एस्टेट की एक गली में शूटिंग के लिए औपचारिक अनुमति ली गई थी... रविवार के लिए अनुमति मांगी गई थी क्योंकि सभी कार्यालय बंद हैं और कोई आम लोग या यातायात नहीं है। शूटिंग के लिए पुलिस की अनुमति से इलाके की एक गली बंद है... गली मुश्किल से 30-40 मीटर है।

# जीवन में प्रयोग और परिवर्तन प्रगति के दो पहिए'

संजीव

**परिवर्तन** का क्रिया चक्र खुद इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन की खोज ही नवीनता है। परिवर्तन का सीधा-सीधा तात्पर्य जड़ता का नाश और विकास की अनंत गाथा का प्रादुर्भाव होना और स्थिरता का अंत ही है। चलायमान परिवर्तन की विदाई स्थिर और जंगम का का समापन होता है। आज की परिस्थितियों ने जड़ता और स्थिरता को बड़ी चोट दी है। मशीनों का शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का बहुत बड़ा अवदान दिया है, इस परिवर्तन ने मानवीय समाज को को नया अवसर प्रदान किया है। इस परिवर्तन ने काम को सरल बनाया और व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। एक युगीन क्रांतिकारी कदम उठाया गया था। इतिहास में सबसे बड़ा तथा पहला परिवर्तन 1215 से मैग्नाकार्टा यानी कि नागरिक अधिकार पत्र की प्राप्ति हुई थी। यह वही समय था कि जब सदियों की जड़ता का प्रतिकार करते हुए मानव मस्तिष्क में नव विकास तथा नव प्रवर्तन का बीज बोया था। परिवर्तन की उस घड़ी में एक बड़े अवसर ने दस्तक दी थी। उसी अवसर का सदुपयोग करते हुए मानव को अधिकार प्रदान किया गया था, अब वह साधन नहीं साध्य बन गया है। अवसर में किए गए प्रयत्नों का परिणाम है कि आज हर सभ्य समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र की पारदर्शिता एवं उपलब्धता के कारण दिया जाता है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पादन की न तो मात्रा संपूर्ण उपाय थी और ना ही गति के साथ साधन ही उपलब्ध हो पा रहे थे, ऐसे समय में युग में परिवर्तन की करवट ली और माननीय बौद्धिक क्षमता ने मशीनीकरण को जन्म दिया। मशीनीकरण के फल स्वरुप कार्य करने की गति, क्षमता और स्वरूप को बदला गया, मनुष्य ने अवसर के साथ परिवर्तन के चलते नए-नए कल पुर्जों का इजाद किया और प्रयत्नों का अंबार लगा कर संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का शंखनाद किया। और यही परिवर्तन आज विकास की धुरी है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि परिवर्तन नए-नए विकास तथा अविष्कार को जन्म देता है, और वह समाज के लिए सदैव बहु उपयोगी होते हैं। समाज में या देश में जब जब जनता ने गति रोकने का प्रयास किया तब तब माननीय साहस तथा मस्तिष्क ने उसे अपने प्रयासों से पराजित कर नई युक्ति को जन्म दिया। परिवर्तन वस्तुतः ना केवल जीवन की आवश्यक विशेषता और अपरिहार्य सच है बल्कि वह विकास के प्रत्येक स्वप्न का प्रथम चरण भी है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस 'आय हैव ए ड्रीम' की कल्पना की थी।

# चित्रकूट - उन्नाव संदेश

## शिवरामपुर पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी को दबोचा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी शिवरामपुर राजोल नागर की टीम ने दुष्कर्म के वांछित कमलेश जोशी पुत्र दुर्गा प्रसाद जोशी निवासी आरामशीन के पास सीतापुर कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर राजोल नागर, सिपाही अमित तिवारी शामिल रहे।

## अज्ञात महिला का मिला शव

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** बुधवार 17 मई को अपरान्ह एक बजे मऊ थाना क्षेत्र के बियावल गांव में यमुना नदी के बियावल घाट के पास एक अज्ञात 30-35 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ। पुलिस के प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने लोगों से शव की शिनाख्त करने में मदद की मांग की है।

गुरुवार को मऊ थाना पुलिस ने बताया कि मृतका गेहुंये रंग की थी। उसकी लम्बाई 172 सेमी तथा लाल व नीली कुर्ती एवं काले रंग की लैगी, बांये हाथ की उंगली में सफेद धातु की अंगूठी, दोनों पैरों में सफेद धातु की पायल थी।

## संयुक्त जांच में आठ वाहन सीज



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात व्यवस्था को चैकस रखने के प्रयासों के क्रम में सीओ यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में प्रभारी यातायात मनोज कुमार एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने यातायात पुलिस के साथ डग्गामार वाहनों की जांच को अभियान चलाया।

गुरुवार को अभियान में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने ट्रैफिक चैराहा, पटेल तिराहा एवं बस स्टैंड पर सैकडों सवारी वाहनों की जांच की। नियमों का उल्लंघन करने पर चार जीप, दो ऑटो एवं दो ई-रिक्शा समेत कुल आठ वाहन सीज किये।

इसी क्रम में चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह ने दीपक पटेल पुत्र बोधीलाल निवासी चुनहापुरवा कोतवाली कर्वी को एक 315 बोर तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

## दम्पति के विवाद को परिवार परामर्श केन्द्र ने सुलझाया



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने दम्पति के विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

गुरुवार को जालौन जिले के कैसिपा थाने के भंडारी गांव की मिथलेश पुत्र हल्कू ने पुलिस अधीक्षक को दिये पत्र में कहा कि उसकी पत्नी श्रीमती चिरौंजी देवी पुत्री मंगल सिंह निवासी उन्नाय बन्ना थाना रैपुरा पिछले एक माह से मायके मे रह रही है। सुसराल नही जा रही। पुलिस अधीक्षक ने पत्र के निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा।

प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह की टीम ने शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने पति-पत्नी के कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दोनो पक्षों को तालमेल से रहने की सलाह दी। समझौता कराने वाली टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही शिवांगी श्रीवास्तव, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी शामिल रहीं।

## एनकाउंटर में 25 हजार का इनामी बदमाश घायल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद। एनका**उंटर में 25 हजार का इनामी बदमाश घायल, गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद की लोनी थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात एक मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में इस बदमाश को पैर में गोली लगी है। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया, देर रात थाना लोनी की पुलिस पुस्ता रोड पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक कार सवार को चेकिंग के दौरान रुकने का इशारा किया गया। लेकिन वह तेजी से भागने लगा। इस दौरान उसकी कार सड़क किनारे फंस गई। वो उतरकर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली जा लगी।

बदमाश की पहचान मेहराज निवासी गोरी पट्टी, थाना लोनी गाजियाबाद के रूप में हुई। वह जनपद बस्ती से गैंगस्टर के मुकदमे में वांटेड है और उस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है। आरोपी से बिना नंबर प्लेट की आई-10 कार, तमंचा, कारतूस बरामद हुए हैं। मेहराज पर विभिन्न थानों में 20 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

बदमाश की तलाश पुलिस कई दिनों से कर रही थी और पुलिस को इनपुट मिला था कि यह लोनी की तरफ से गुजरने वाला है। इसके बाद पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया था।

# अग्निकांड में सात घरों की गृहस्थी समेत साठ हजार रुपये हुए खाक

## दस मिनट में सात घरों की बदल गई कहानी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में पहाडी थाना क्षेत्र के बक्टा गांव में मुस्लिम पुरवा में शॉर्ट सर्किट से कच्चे घरों में आग लगने से देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सात घरों की गृहस्थी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घरों में रखे गृहस्थी के सामान समेत लाखों की क्षति हो गई। आग से चार बकरियों की भी जलने से मौत हो गई। ग्रामीणों से सूचना मिलने के घंटों बाद दमकल टीम की तीन गाडियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

ये अग्निकांड गुरुवार को हुआ। बताया गया कि पहाड़ी थाना क्षेत्र के बक्टा गांव के के मुस्लिम पुरवा में शॉर्ट सर्किट से कच्चे घर में आग लग गई। देखते-देखते आग एक घर से सात घरों तक पहुंच गई। सरदार अली और उसके चार लडके शुभान अली, मुन्ना खां, चुन्नू खां और राजा हुसैन आदि के घर पूरी तरफ खाक हो गए। खाने को एक दाना तक नहीं बचा। सिर्फ



उनके शरीर पर जितने कपड़े हैं, वही बचे हैं। घर के अंदर बंधी चार बकरियां भी जलकर मर गईं।

अग्निकांड इतना भीषण था कि किसी को घर से कुछ निकालने का मौका नहीं मिला। दस मिनट के अंदर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पांचों घरों के अलावा मुन्ना खां पुत्र सुलेमान व चिंतामणि का घर भी आग की चपेट में आ गया। इन दोनों घरों में रखे लकड़ी के कंडे आदि सामान जल गया। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल टीम कर्वी, राजापुर, मऊ से मौके पर पहुंची। टीम के पहुंचने से पहले सभी घर जलकर खाक हो गए। दमकल टीम ने आग पर काबू पाया।अग्नि पीड़ित चुन्नू खां ने बताया कि वह कई माह से राजस्थान में ईट-भट्ठा मे मेहनत-मजदूरी करके 60 हजार रुपये कमा कर लाया था। घर के अंदर रखे रुपये भी जलकर राख हो गये। शुभरात अली ने बताया कि तेज धूप से घर के अंदर बंधी चार बकरियां अग्निकांड में जलकर मर गई। उसका भाई मुन्ना खां की एक बकरी जलकर मर गई।

# जय जय राम कथा श्रवण से मिट जाती सौ जन्म की व्यथाः अनुज शास्त्री

## कथा का पांचवा दिन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कर्म स्थली के बिहारा गांव में पेरातीर हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा गांव के भोलेराम शुक्ल जनकल्याण को करा रहे है। श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास अनुज शास्त्री ने सीता स्वयंवर की कथा सुनाई। श्रीराम कथा रसधार में श्रीराम कथा की महिमा में कहा कि श्रीराम कथा सन्मार्ग पर चलना सिखाती है। कथा व्यास ने सभी श्रद्धालुओं से प्रतिदिन श्रीरामचरितमानस का पाठ करने का आग्रह किया।

गुरुवार को रामकथा के पांचवे दिन कथा व्यास अनुज शास्त्री ने कहा कि श्रीरामचरितमानस स्वाध्याय से मनुष्य सभी सांसारिक दुखों से मुक्त



हो जाता है। श्रीराम कथा और श्रीराम का जीवन अनुकरणीय है। श्रीराम उच्चतम प्रतिमान और वैदिक हिंदू धर्म संस्कृत के प्राण हैं। श्रीराम परम धर्म है, भगवान प्रभु श्रीराम के पावन चरित्र में समस्त उच्चताएं, दिव्यताऐं एवं श्रेष्ठताएं समाहित हैं। श्रीराम को अपने अंतःकरण में उतार कर देखें जीवन धन्य हो जाएगा।

कथा व्यास अनुज शास्त्री ने श्रद्धालुओं को श्रीराम विवाह महोत्सव की कथा का रसपान कराया। श्रीराम के विवाह का भव्य और सुंदर वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। श्रीराम कथा दौरान श्रीराम कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जय जय राम कथा कथा श्रवण से मिट जाती सौ जन्म की व्यथा। जय जय राम कथा इस मौके पर बड़ा अखाड़ा के महंत श्याम दास, प्रेमचंद पांडे, हरदेव प्रसाद शुक्ला, रमेश कुमार शुक्ला, शारदा प्रसाद द्विवेदी, जगदीश प्रसाद मिश्रा, राम सुफल मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, चंद्रशेखर तिवारी, हिमांशु शुक्ला, मुन्ना त्रिपाठी, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी, शिव शंकर पांडे, फली यादव आदि मौजूद रहे।

# खेलो इंडिया की मशाल रैली को सीडीओ ने दिखाई हरीझंडी

## खिलाडियों का किया उत्साहवर्धन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** खेलो इंडिया मशाल रैली को हरीझंडी दिखाकर सीडीओ अमृतपाल कौर ने शुभारंभ किया। भारी संख्या में खिलाड़ी, बालिकाएं, महिलाएं एवं खेल अध्यापक, प्रशिक्षक, वरिष्ठ खिलाड़ी, पत्रकार व जनप्रतिनिधि तथा पीआरडी जवान, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, युवा कल्याण अधिकारी समेत गणमान्य लोग मशाल रैली में शामिल रहे।

गुरुवार को ये रैली एलआईसी तिराहे से चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम तक निकली। क्षेत्रीय क्रीड़ा




अधिकारी विजय कुमार ने लखनऊ से पहुंचे जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों का स्वागत कर आभार जताया। प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया की अलख जगाने एवं मुख्यमंत्री के खिलाड़ियों, नवयुवकों से जुड़ने एवं अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर रोशनी डाली। चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम में बढ़ रही खेल सुविधाओं बहुद्देशीय क्रीड़ा हाल जिम्नेशियम हॉल चल रहे निर्माण कार्य की बाबत जानकारी दी।

प्रधानाचार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज डा रणबीर सिंह चैहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, चित्रकूट इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने सुंदर गीत पेश कर खेलो इंडिया गीत सुनाकर खिलाड़ियों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी अंगद सिंह, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन, उदय भान, अवधेश सिंह, रमेश सिंह, श्याम सुंदर, श्री कृष्ण आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलो इंडिया मशाल रैली में हिस्सा लेकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# महिला पहलवानों के समर्थन में उतरे वामपंथी संगठन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जंतर-मंतर पर धरना दे रहे महिला पहलवानों के समर्थन में जनवादी महिला समिति, उप्र किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन के कार्यकताओं ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर को सौंपा।

गुरुवार को जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष का पूनम ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों में डबल इंजन की सरकार आरोपियों के साथ खड़ी नजर आती है। यही वजह है कि अपराधी गिरफ्तार नहीं हो रहे। महिला पहलवानों का यौन शोषण




करने वाले भाजपाई गिरफ्तार नही किये जा रहे। सरकार खामोश क्यों है। उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रूद्र प्रसाद मिश्र एड ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि भाजपा सांसद वृजभूषणशरण सिंह को जब तक जेल नही भेजा जाता, तब तक जनता चुप नहीं बैठेगी। मोदी सरकार वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति कर अपनी कुर्सी बचाना चाहती है, लेकिन ये सपना सफल नहीं होगा। कर्नाटक में मोदी का नाटक जनता ने देख लिया और अब लोकसभा चुनाव में भी मोदी सरकार को दिल्ली की गद्दी से जनता उतार फेंकेगी। का बीरबहादुर सिंह, का ओमप्रकाश सिंह एड, का चुनकूराम पाल, का रामप्रताप विश्वकर्मा, का अजय सिंह एड, का शिवम द्विवेदी, का शिव प्रसाद, का रामसहाय आदि ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए महिला पहलवानों के धरने का समर्थन किया। एसडीएम सदर राजबहादुर को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।

## गाजियाबाद : बिना ड्राइवर के चलती कार, कार पर लिखा है भारत सरकार

**गाजियाबाद। रील ब**नाने का नशा और जुनून लगातार युवाओं में बढ़ता जा रहा है। चाहे कार हो या बाइक युवा स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे हैं और यह शौक उनकी और दूसरों की जान पर भारी पड़ सकता है। इसके बारे में भी वह बिल्कुल नहीं सोचते। ताजा वीडियो गाजियाबाद से सामने आया है। जिसमें गाजियाबाद नंबर प्लेट की एक गाड़ी से एक रील बनाई गई है और इस बिल में ड्राइवर चलती गाड़ी से उतर जाता है और गाड़ी चलती रहती है।

वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि गाड़ी के ऊपर भारत सरकार लिखा हुआ है। यह वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल होना शुरू हुआ तो लोगों ने गाजियाबाद पुलिस को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि इसकी जांच की जा रही है और जल्द इस पर कार्रवाई की जाएगी।

सामने आए वीडियो के मुताबिक एक युवक गाड़ी की स्पीड को कम कर उसे चलता हुआ छोड़कर उससे बाहर आ जाता है और दरवाजा बंद कर देता है और गाड़ी के साथ-साथ चलने लगता है। आगे मौजूद दूसरा शख्स गाड़ी और युवक दोनों का वीडियो बनाता है। कुल 12 सेकंड की वीडियो ने सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होना शुरू कर दिया है। जिस गाड़ी से यह वीडियो बनाया गया है, उसके ऊपर 'भारत सरकार' लिखा हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो के बारे में लोगों ने गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस को ट्विटर पर टैग कर उनसे कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कमेंट पर लिखा है की बिना ड्राइवर के चल रही है कार, हो सकता था कोई बड़ा हादसा।

फिलहाल पुलिस गाड़ी के नंबर से गाड़ी को ट्रेस कर उसके चालक और उस पर कार्रवाई करने के बाद कर रही है। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद भी रील बनाने का यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## पुरानी पेंशन बहाली को निकाली पदयात्रा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पुरानी पेंशन लागू कराने एवं निजीकरण के विरोध में पदयात्रा निकालकर समर्थित संगठनों ने हिस्सा लिया।

गुरुवार को पुरानी पेंशन बहाली पदयात्रा लोनिवि कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक गई। मोर्चे में सभी संगठनों के जिलाध्यक्ष/जिला संयोजकों ने पदयात्रा के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की गई। संयुक्त मोर्चा प्रभारी/संयोजक राधेश्याम पटेल तूफानी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की लडाई सडक से लेकर सदन तक लडी जायेगी। इसे जनआन्दोलन में बदला जायेगा।

जिला संयोजक संजय अवस्थी ने कहा कि पुरानी पेंशन जीवन-मरण का प्रश्न है। एनपीएस का हर स्तर पर विरोध करते हैं। क्योंकि इसमें पेंशन न के बराबर मिलती है। जिला संयोजक रामबाबू कुशवाहा ने कहा कि बुढापे में सुरक्षित जीवन जीने को पुरानी पेंशन छीनी गई है। उसे पाने को हर स्तर पर संघर्ष किया जायेगा। जिला संयोजक विजय पाण्डेय ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को हर स्तर पर संघर्ष को तैयार हैं। मोर्च की पदयात्रा में खासतौर पर महाविद्यालय शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी संघ, अर्न्तजनपदीय शिक्षक संघ, चतुर्थ श्रेणी संघ, लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान महासंघ के साथ अन्य सभी समर्थित संगठनों के जिला संयोजक मौजूद रहे। लोनिवि के जिला संयोजक सूर्यकान्त सोनी भी मौजूद रहे।

## 40 लोगों से 11 यूनिट रक्तदान हुआ संग्रह, बीएसए लव प्रकाश यादव के निर्देश पर लगा शिविर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी/डायट प्राचार्य लवप्रकाश यादव के निर्देश पर डायट प्रवक्ता शिवरामपुर अबू मोहम्मद आसिफ की अध्यक्षता में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में आठ प्रवक्ताओं ने रक्तदान किया।



गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में प्रवक्ता राजेश उपाध्याय, सौरभ चंद्र सविता, अखिलेश पांडे, मोहित सिंह, श्रीमती राबिया खातून, संतोष कुमार सरोज, शिवप्रसाद, डॉ गोरेलाल आदि मौजूद रहे। रक्त कोष प्रभारी जिला संयुक्त चिकित्सालय चित्रकूट के डॉ शैलेंद्र कुमार ने सभी रक्तदाताओं का स्वागत कर कहा कि इस पुनीत कार्य में जिन लोगों ने हिस्सा लिया है, वह बधाई के पात्र हैं। 18 से 65 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन माह के अंतराल में रक्तदान कर सकता है।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर पर रक्तदान से पहले वरिष्ठ प्रयोगशाला प्राविधिक रक्त कोष अजय सिंह की अगुवाई में परामर्शदाता शंकरदीन ने रक्तदाताओं की काउंसलिंग की। प्रयोगशाला प्राविधिक विशाल कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदाता शिवबिहारी वर्मा, चंद्रभान पटेल, रोहित, नंदकिशोर, कमलेश पटेल, अमित सिंह, अभिषेक सिंह, प्रिंस वर्मा, राहुल सिंह, धर्मेंद्र सिंह व सुनील कुमार ने एक-एक यूनिट रक्तदान किया। इस मौके पर रक्त कोष में तैनात अजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विशाल कुमार, शंकरदीन, लक्ष्मी सागर, प्रमोद कुमार, बलराम, सुजीत आदि मौजूद रहे। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 40 लोगों ने पंजीयन कराकर 11 यूनिट रक्त संग्रह किया।

## यूपी में सहायक प्रोफेसर का दलित विभागाध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**रायबरेली। उत्तर प्रदे**श के रायबरेली में उच्च जाति की सहायक प्रोफेसर ने अपने विभाग के दलित प्रमुख पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उसने आरोप लगाया है कि आरोपी सुनील वर्मा ने उसकी इच्छा पूरी न करने पर उसे एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी। उसने शैक्षिक निदेशक पर विभागाध्यक्ष के साथ मिलीभगत करने और अश्लील टिप्पणी करने का भी आरोप लगाया और कहा कि आरोपी की बात मानने के लिए निदेशक ने उसे समझाने का प्रयास किया। प्राथमिकी के मुताबिक, मोहनलालगंज की रहने वाली पीड़िता असिस्टेंट प्रोफेसर है और वर्मा काफी समय से उसे परेशान कर रहा था। मिल एरिया एसएचओ संजय सिंह ने बताया कि वर्मा और निदेशक दिग्विजय सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। रायबरेली के एसपी आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि सीओ रैंक के एक अधिकारी द्वारा जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों को जल्द ही कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# विदेश संदेश

## चमत्कारः दो सप्ताह पहले दुर्घटनाग्रस्त हुआ था विमान, 11 महीने के शिशु समेत चार बच्चे जिंदा मिले

**कोलंबिया।** कोलंबिया के अमेजन में 1 मई को एक विमान क्रैश हो गया था, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। तभी से ही सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। अब दुर्घटना के करीब दो सप्ताह बाद चार बच्चे जीवित पाए गए हैं। इसकी जानकारी खुद राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने दी है।



पेट्रो ने कहा कि सेना ने कठिन सर्च ऑपरेशन चलाया और आज उन्हें जीत मिल गई है। देश के लिए खुशी की बात है। करीब दो सप्ताह पहले हुई दुर्घटना के बाद घने कोलंबियाई अमेजन में चार बच्चे जीवित मिले हैं। इनमें एक 11 महीने का बच्चा भी है। बता दें, अधिकारियों ने 100 से अधिक सैनिकों को स्निफर डॉग्स के साथ सर्च ऑपरेशन में लगाया था। यह उन बच्चों की तलाश में जुटे थे, जो 1 मई को हुए विमान दुर्घटनाग्रस्त के बाद से गायब थे। इस घटना में तीन वयस्कों की मौत हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद बच्चे दक्षिणी कैक्वेटा के जंगल में भटक रहे थे। इन बच्चों की उम्र 4, 9 और 13 साल बताई जा रही है। वहीं एक बच्चा मात्र 11 महीने का है। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक बच्चे की पीने की बोतल और आधा खाया हुआ फल मिला था। इसी के बाद तलाश और तेज कर दी थी। इससे पहले, सोमवार और मंगलवार को सैनिकों को पायलट और दो वयस्कों के शव मिले थे। मृत यात्रियों में से एक मुकुतुय चार बच्चों की मां थी।

## चिंताजनकः पांच साल में तापमान का रिकॉर्ड टूटने की आशंका 98 फीसदी तक बढ़ी

**वाशिंगटन।** विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने जारी रिपोर्ट में बताया कि आने वाले पांच वर्षों में जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को सीमित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत 1.5 डिग्री सेल्सियस की वैश्विक तापमान सीमा को पार करने की आशंका दो तिहाई बढ़ गई है।रिपोर्ट में कहा गया है कि ताप को अवशोषित करने वाली ग्रीनहाउस गैसों और अल नीनो की वजह से अगले पांच वर्षों में वैश्विक तापमान में रिकॉर्ड स्तर की वृद्धि होगी। इस दौरान 98 फीसदी आशंका इस बात की है कि 2023 से 2027 के बीच एक साल ऐसा होगा, जो अब तक के सबसे गर्म साल रहे 2016 के रिकॉर्ड को तोड़ देगा।

2015 में पेरिस समझौते के तहत तय किया गया कि दुनिया को जलवायु परिवर्तन के भीषण प्रकोप से बचाने के लिए सदी के अंत तक पृथ्वी की सतह के औसत तापमान को औद्योगिक काल पूर्व (1850-1900) काल की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होने देना है और किसी भी कीमत पर 2 डिग्री सेल्सियस से कम रखना है। लेकिन, डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के मुताबिक इस बात की आशंका 66 फीसदी है कि 2023 और 2027 के बीच निकट-सतह वार्षिक औसत वैश्विक तापमान औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो जाएगा। रिपोर्ट के शीर्ष लेखक व जलवायु विज्ञानी लियोन हर्मनसन कहते हैं, राहत की बात यह है कि यह बदलाव स्थायी नहीं होगा, जिससे वैश्विक तापमान लक्ष्य को हासिल करने की संभावना बनी रहेगी। वैज्ञानिक आमतौर पर 30 साल के औसत का उपयोग करते हैं।

## कामी रीता ने 27वीं बार फतह किया एवरेस्ट, 29032 फुट ऊंचाई पर पहुंच अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

**वाशिंगटन।** नेपाल के शेरपा कामी रीता (53) ने 27वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह कर रिकॉर्ड बना लिया है। उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी (29,032 फुट) पर पहुंचकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पर्यटन विभाग के अधिकारी बिग्यान कोइराला ने इसकी पुष्टि की है। वह एक विदेशी साथी के साथ सुबह 8.30 बजे शिखर पर पहुंचे। कामी रीता शेरपा पहली बार 1994 में 8,848 मीटर (29,029 फुट) शिखर पर पहुंचे थे। इसके बाद से उन्होंने लगभग हर साल एवरेस्ट की चढ़ाई की है। एवरेस्ट के अलावा, रीता गॉडविन-ऑस्टेन (के2), ल्होत्से, मानसलु और चो ओयू पर्वत चोटियों पर भी सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुके हैं।

## नेपाल में माओवादी शिविरों से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों पर प्रचंड की प्रतिक्रियाः दोषी पाए जाने पर जेल जाने को तैयार

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने कहा है कि अगर वह भ्रष्टाचार के दोषी पाए जाते हैं तो जेल जाने को तैयार हैं। उन्होंने जवाब दिया है कि माओवादी लड़ाकों के शिविरों को लेकर उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप झूठे हैं। संसद में गुरुवार को माओवादी लड़ाकों के शिविरों के भ्रष्टाचार की जांच नहीं होने संबंधी एक सांसद द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए प्रचंड ने कहा, 'दोषी पाए जाने पर मैं जेल जाने को तैयार हूं।' प्रचंड पर 2013 में माओवादी लड़ाकों के नाम पर सरकार द्वारा दिए गए पैकेज मनी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है।

2007 में नेपाल में दस साल लंबे माओवादी संघर्ष के समाप्त होने के बाद, 19,602 लड़ाकों का प्रबंधन शुरू हुआ। 2010 में 4008 सेनानियों को अयोग्य



घोषित किया गया था। बाकी में से 1460 को 2013 में नेपाली सेना में शामिल किया गया था। उनमें से बाकी ने सरकार द्वारा बुलाए गए पुनर्स्थापन पैकेज को स्वीकार कर लिया था। पैकेज में अनियमितता का मुद्दा उठा है।

हाल ही में सरकार द्वारा अयोग्य सेनानियों को पैसे देने के निर्णय का विरोध किया गया है। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने सेनानियों को धन के भुगतान को रोकने के लिए एक अंतरिम आदेश जारी किया था।

## फर्जी भूटानी शरणार्थी मामले में नेपाल हज समिति के अध्यक्ष शमशेर मियां गिरफ्तार

**काठमांडू।** फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले में नेपाल हज समिति के अध्यक्ष शमशेर मियां को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें गुरुवार को काठमांडू से गिरफ्तार किया गया।

मियां कार्यवाहक हज समिति की जिम्मेदारी किसी अन्य व्यक्ति को देने के लिए गृह मंत्रालय गए थे। उन्हें वहीं से गिरफ्तार कर लिया गया और काठमांडू जिला पुलिस के पास ले जाया गया। पुलिस ने मियां की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस जांच में सामने आया कि हज समिति की गाड़ी का इस्तेमाल फर्जी शरणार्थी बनाने के लिए किया जाता था।

मियां को तत्कालीन गृह मंत्री राम बहादुर थापा बादल ने 2020 में हज समिति का अध्यक्ष नियुक्त



किया था। बालकृष्ण खंड के गृह मंत्री बनने के बाद भी मियां अध्यक्ष बने रहे।

हर साल हज के लिए सऊदी अरब जाने वाले मुसलमानों के प्रबंधन के लिए नेपाल में गृह मंत्रालय के तहत एक हज समिति है। फर्जी शरणार्थियों के मामले में अब तक पूर्व उप प्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी, पूर्व गृह मंत्री बालकृष्ण खंड, पूर्व सांसद डॉ. इंद्रजीत राय, अंगटेवा शेरपा समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## इमरान ने वीडियो जारी कर चेताया, बांग्लादेश जैसे एक और विभाजन की ओर बढ़ रहा पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद से शुरू हुआ घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब इमरान ने एक वीडियो जारी कर चेतावनी दी है कि पाकिस्तान एक बार फिर बांग्लादेश जैसे एक और विभाजन की ओर बढ़ रहा है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कार्यवाहक सरकार ने इमरान खान के घर में आंतकी छिपे होने के आरोप लगाए थे। इसके साथ ही पुलिस ने इमरान के लाहौर स्थित घर को घेर लिया। इसके बाद एक वीडियो संदेश जारी कर इमरान ने कहा है कि पाकिस्तान, तबाही की तरफ बढ़ रहा है और पूर्वी पाकिस्तान (मौजूदा बांग्लादेश) जैसी स्थितियां फिर पैदा हो



सकती हैं। इमरान खान ने पाकिस्तान की सत्ताधारी गठबंधन पर उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया।

वीडियो में इमरान ने कहा कि उन्हें डरावने सपने आ रहे हैं और देश तबाही की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने सत्ता में बैठी ताकतों से अपील की कि चुनाव हो जाने दें और देश को बचाएं। इस पूरे हंगामे और राजनीतिक अस्थिरता का एक ही उपाय है कि चुनाव कराए जाएं। इमरान ने कहा कि पीडीएम (पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट) नेता और लंदन में रह रहे नवाज शरीफ को संविधान के अपमान, सरकारी संस्थानों के तबाह होने और पाकिस्तानी सेना की बदनामी से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह सिर्फ अपना फायदा देख रहे हैं और लूटी गई दौलत को बचाने में जुटे हैं।

## बाइडन के न आने के फैसले से ऑस्ट्रेलिया ने क्वाड बैठक टाली

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में अगले सप्ताह प्रस्तावित क्वाड देशों की बैठक टाल दी गई है। आस्ट्रेलिया ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बैठक में न आने के फैसले की वजह से यह फैसला किया है। चार प्रमुख देशों भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के संगठन क्वाड की बैठक अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित थी। बैठक में जो बाइडन, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को हिस्सा लेना था। दरअसल बाइडन इस समय अमेरिका में कर्ज की वजह से पैदा हुए आर्थिक संकट के मुद्दे को सुलझाने में जुटे हैं।

उन्होंने अगले हफ्ते के अपने विदेश दौरे स्थगित कर दिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने एलान किया कि अगले सप्ताह होने वाली क्वाड की बैठक फिलहाल टाली जा रही है। इससे पहले अल्बानीज ने कहा था कि भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया बिना अमेरिका की मौजूदगी के भी बैठक के लिए आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के प्रधानमंत्रियों ने इस बैठक की तारीख बदलने और इसे जल्द से जल्द आयोजित करने पर सहमति जताई है।

हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने यह जरूर कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के साथ अगले हफ्ते उनकी ऑस्ट्रेलिया में होने वाली द्विपक्षीय बैठक हो सकती है।

## आतंकी छिपे होने का आरोप लगाकर लाहौर पुलिस ने घेरा इमरान का घर

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर अब अपने घर में आतंकियों को छिपाने का आरोप लगा है। इन आरोपों के बाद लाहौर पुलिस ने इमरान खान का घर घेर लिया है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद से मचा घमासान रोज नई करवट ले रहा है। अब पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के कार्यवाहक सूचना मंत्री आमिर मीर ने कहा है कि इमरान खान के लाहौर स्थित जमान पार्क वाले घर में 30-40 आतंकी छिपे हैं। इस संबंध में पंजाब सरकार ने इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ से 24 घंटे के भीतर इन आतंकियों को पुलिस को सौंपने को कहा है। साथ ही कहा गया है कि यदि ये आतंकी पुलिस को नहीं सौंपे गए, तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। इस बीच, पुलिस ने इमरान खान का घर घेर लिया



है। इमरान के घर के बाहर पुलिस की खबर सुनकर उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में एकत्र हो गए हैं। माना जा रहा है कि 24 घंटे बाद इमरान के घर पर एक बार फिर धावा बोला जा सकता है। पाकिस्तानी पंजाब प्रांत के सूचना मंत्री ने दावा किया कि इमरान के घर में आतंकी छिपे होने की जानकारी विश्वसनीय खुफिया तंत्र से मिली है। इसकी पुष्टि जियो फेंसिंग तकनीक से कराई गयी है। उन्होंने सेना पर हुए हमले के लिए भी इमरान की पार्टी को जिम्मेदार करार दिया।

## हिंद महासागर में पलटी चीन की नाव, 17 चालक दल के सदस्यों समेत 39 लोग लापता

**पबीजिंग।** हिंद महासागर के मध्य भाग में चीन की एक नाव पलट गई। इस कारण उसमें सवार 39 लोग लापता हो गए। उन्हें ढूंढने के लिए बचाव अभियान चल रहा है।

यह मछली पकड़ने वाली नौका (यू028) है। इसमें चालक दल के 17 चीन के सदस्यों के अलावा 17 इंडोनेशियाई और पांच फिलिपीन्स के नागरिक हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सूचना मिलते ही आपातकालीन प्रक्रिया तंत्र को सक्रिय करने का आदेश जारी किया। कृषि और ग्रामीण मामलों के मंत्रालय, परिवहन मंत्रालय, और शेडोंग प्रांतीय सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह स्थिति पर नजर रखें। अंतरराष्ट्रीय खोज और बचाव दल के साथ समन्वय करें। विदेश मंत्रालय और विदेशों में संबंधित दूतावासों को भी निर्देश दिया गया है कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ बातचीत कर खोज व बचाव



अभियान में मदद करें। राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री ली केकियांग ने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चेतावनी जारी करने का ऐलान किया है। सरकार ने अन्य बचाव बलों को उस क्षेत्र में भी भेजा है, जहां जहाज डूबा था। चाइनीज मैरीटाइम सर्च एंड रेस्क्यू सेंटर ने संबंधित देशों को सूचित किया है। ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों के बचाव दल भी लापता लोगों की खोज में मदद कर रहे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने सक्रिय रूप से खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, मालदीव, इंडोनेशिया और फिलीपींस में प्रासंगिक दूतावासों के साथ समन्वय करने के लिए एक आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र भी शुरू किया है।

## भारतीय मूल की प्रतिमा भुल्लर, न्यूयॉर्क पुलिस में बनीं कैप्टन

**न्यूयॉर्क ।** भारतीय मूल की पुलिस अधिकारी प्रतिमा भुल्लर मालडोनाडो को न्यूयॉर्क पुलिस में कैप्टन पद पर नियुक्त किया गया है। इस पद पर नियुक्त होने वाली मालडोनाडो, दक्षिण एशियाई मूल की पहली महिला बन गई हैं। बता दें वापस आने जैसा है। मैंने अपने जीवन के 25 से भी ज्यादा साल इस इलाके में गुजारे हैं। बता दें



साउथ रिचमंड इलाके में बड़ी तादाद में सिख समुदाय के लोग रहते हैं।

**जिस इलाके में गुजरा बचपन, वहीं बनीं कैप्टन**

उन्होंने कहा कि जिस गुरुद्वारे वह बचपन में जाती थीं, अब उसी गुरुद्वारे कैप्टन के रूप में जाऊंगी और यह मजेदार है। प्रतिमा ने कहा कि बतौर कैप्टन उनका जोर कम्युनिटी पुलिसिंग पर रहेगा। न्यूयॉर्क पुलिस में शीर्ष पद पर पहुंचने पर प्रतिमा भुल्लर ने कहा कि कई बार आपको आपके काम के लिए तारीफ नहीं मिलती लेकिन इसके बावजूद आपको काम करना होता है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और मैं ना सिर्फ अपने समुदाय बल्कि महिलाओं, बच्चों और हर किसी के सामने पुलिस का अच्छा उदाहरण पेश करना चाहती हूं।

प्रतिमा भुल्लर ने कहा कि उनके पिता न्यूयॉर्क में टैक्सी चलाते थे, उन्होंने कड़ी मेहनत की थी। 2006 में प्रतिमा के पुलिस विभाग में जॉइन करने से पहले ही उनका निधन हो गया। प्रतिमा ने कहा कि उनके पिता को उन पर गर्व होगा। बता दें कि न्यूयॉर्क पुलिस विभाग में 33,787 सदस्य हैं, जिनमें से 10.5 प्रतिशत एशियाई हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## हाइपरसोनिक मिसाइल के वैज्ञानिकों पर देशद्रोह का आरोप, साइंटिस्ट बोले- ऐसे डर के नहीं कर सकते काम?

**मास्को।** रूस में हाइपरसोनिक मिसाइल पर काम करने वाले तीन वैज्ञानिकों पर राजद्रोह के गंभीर आरोप लगे हैं। रूसी सरकार ने यह जानकारी दी है। वहीं वैज्ञानिकों पर राजद्रोह के आरोप लगने से पूरा वैज्ञानिक समुदाय चिंतित है और उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि वह डर के माहौल में काम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं सरकार ने कहा कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है और सुरक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं।

**इन वैज्ञानिकों पर लगे देशद्रोह के आरोप**

बता दें कि रूस के जिन वैज्ञानिकों पर देशद्रोह का आरोप लगा है, उनमें एनातोली मासलोव, एलेक्जेंडर शिपलियुक और वलारी ज्वेगिनत्सेव का नाम शामिल है। रूस के ढ्ढञ्जरू रिसर्च सेंटर में काम करने वाले मासलोव और शिपलियुक ने साल 2012



में फ्रांस में आयोजित एक सेमिनार में हाइपरसोनिक मिसाइल के डिजाइन को प्रदर्शित किया था। साथ ही साल 2016 में तीनों आरोपित वैज्ञानिकों ने हाइपरसोनिक मिसाइल पर एक किताब भी लिखी थी। माना जा रहा है कि इन्हीं के चलते वैज्ञानिकों पर राजद्रोह का आरोप लगा है।

**सहयोगी वैज्ञानिकों ने लिखा सरकार को पत्र**

अब इन वैज्ञानिकों के समर्थन में इनके सहयोगी वैज्ञानिकों ने सरकार को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि जिन वैज्ञानिकों पर आरोप लगे हैं वह निर्दोष हैं और उनके खिलाफ देशद्रोह की कार्रवाई से रूस का वैज्ञानिक समुदाय चिंतित है।

पत्र में कहा गया है कि हम उन्हें जानते हैं कि वह देशभक्त हैं और उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया है, जो जानकारी उन्होंने सार्वजनिक की है, वह कई बार चेक की गई थी कि कहीं उसमें कोई प्रतिबंधित जानकारी तो नहीं है, उसके बाद ही उसे सार्वजनिक किया गया था।

वैज्ञानिकों ने पत्र में कहा है कि राजद्रोह का आरोप लगने के बाद युवा छात्र हमारे साथ काम करने के लिए तैयार नहीं हैं और होनहार छात्र विज्ञान छोड़ रहे हैं। एयरोस्पेस तकनीक के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्र बंद करने पड़ रहे हैं क्योंकि उनके लिए सक्षम लोग ही नहीं मिल रहे।

## विदेश में क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल होगा महंगा, एक जुलाई से 20 फीसदी लगेगा टैक्स

**नई दिल्ली,।** विदेश में क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना आपकी जेब पर भारी पड़ने वाला है। इससे जुड़े नियम में बदलाव किया गया है। इस बदलाव के बाद अब आप दूसरे देशों में क्रेडिट कार्ड से जो खर्च करेंगे, उस पर 20 फीसदी टैक्स कलेक्शन एट सोर्स (टीसीएस) देना होगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सलाह के बाद सरकार ने इन बदलावों को हरी झंडी दे दी है। नये नियम एक जुलाई से लागू होगा। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन (फेमा) संशोधन नियम, 2023 के माध्यम से क्रेडिट कार्ड के जरिए विदेश में होने वाला खर्च भी आरबीआई की एलआरएस योजना में शामिल कर लिया गया है। इससे विदेश में खर्च की गई राशि पर लागू दरों पर ह्यस्त्रोत पर कर संग्रहह्ल (टीसीएस) किया जा सकेगा। मंत्रालय के मुताबिक अगर टीसीएस देने वाला व्यक्ति करदाता है, तो वह अपने आयकर या अग्रिम कर देनदारियों के एवज में क्रेडिट या समायोजन का दावा कर सकता है।

मंत्रालय ने इस संदर्भ में एक अधिसूचना जारी कर फेमा कानून में संशोधन किए जाने की जानकारी दी थी। इस अधिसूचना में एलआरएस को शामिल करने के बाद 2.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य की विदेशी मुद्रा के किसी भी धन-प्रेषण के लिए आरबीआई की मंजूरी लेनी जरूरी होगी। इस अधिसूचना के पहले तक विदेश यात्रा के दौरान खर्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से किए गए भुगतान एलआरएस के दायरे में नहीं आते थे। वित्त मंत्रालय ने आरबीआई के साथ परामर्श के बाद जारी अधिसूचना में फेमा अधिनियम, 2000 की धारा सात को हटा दिया है। इससे विदेश में अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से किया गया भुगतान भी एलआरएस के दायरे में आ गया है।

उल्लेखनीय है कि इस साल केंद्रीय बजट 2023-24 में विदेशी टूर पैकेज एवं एलआरएस के तहत विदेश भेजे गए पैसे पर टीसीएस को पांच फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा गया था। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से विदेश में होने वाला खर्च एलआरएस के दायरे में लाने के लिए फेमा कानून में बदलाव करने का मकसद डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड से भेजी गई राशि के कर संबंधी पहलुओं में समानता लाना है।